arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

## रेलवे भर्ती बोर्ड (RRBs)

# असिस्टेंट लोको पायलट

## कम्प्यूटर आधारित टेस्ट 2024

### स्टेज-I

# 35 प्रैक्टिस सेट्स

**नवीनतम सॉल्वड पेपर्स के साथ**

- रेलवे एक अवलोकन
- नवीनतम समसामयिक घटनाक्रम
- फार्मूला बैंक (गणित एवं मानसिक योग्यता)



रेलवे भर्ती बोर्ड (RRBs)

# असिस्टेंट लोको पायलट

कम्प्यूटर आधारित टेस्ट 2024

स्टेज-I

## 35 प्रैक्टिस सेट्स

नवीनतम सॉल्वड पेपर्स के साथ

रेलवे एक अवलोकन | नवीनतम समसामयिक घटनाक्रम | फार्मूला बैंक (गणित एवं मानसिक योग्यता)

रेलवे भर्ती बोर्ड (RRBs)

# असिस्टेंट लोको पायलट

## कम्प्यूटर आधारित टेस्ट 2024

स्टेज-I

# 35 प्रैक्टिस सेट्स

## नवीनतम सॉल्वड पेपर्स के साथ

रेलवे एक अवलोकन | नवीनतम समसामयिक घटनाक्रम | फार्मूला बैंक (गणित एवं मानसिक योग्यता)


लेखकगण

प्रदीप श्रीवास्तव *(सामान्य जागरुकता)*

दीपाली *(मानसिक योग्यता)*

श्वेता भार्गव *(गणित)*

डॉ. श्याम शर्मा *(सामान्य विज्ञान)*



arihant

SUCCESS AND NOTHING LESS

## अिसस्टेंट लोको पायलट

# 35 प्रैक्टिस सेट्स

## खास बातें...

**35 प्रैक्टिस सेट्स**
सम्पूर्ण RRB Loco Pilot के पाठ्यक्रम के अनुसार सभी प्रैक्टिस सेट्स में Exam Pattern पर आधारित MCQs को कवर किया गया है।

**समसामयिक घटनाक्रम और रेलवे अवलोकन**
समसामयिक घटनाक्रम में विश्व में घटित महत्त्वपूर्ण घटनाओं के साथ Latest Updates का संकलन किया गया है। रेलवे अवलोकन के माध्यम से अभ्यर्थियों को रेलवे से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया है।

**नवीनतम् सॉल्वड पेपर्स**
नवीनतम् सॉल्वड पेपर्स से आपको विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का स्तर व पैटर्न की जानकारी होगी।

**FREE Online Mock Tests**
35 प्रैक्टिस सेट्स के अतिरिक्त **FREE** 5 Online Mock Test जो आपको परीक्षा से पहले परीक्षा का अनुभव प्रदान करेंगे।


**arihant**
SUCCESS AND NOTHING LESS

**अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड**



**सर्वाधिकार सुरक्षित**

**© प्रकाशक**
इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*



**रजि. कार्यालय**
'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550

**मुख्य कार्यालय**
कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)–250002
**फोन:** 0121-7156203, 7156204

**शाखा कार्यालय**
आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

**ISBN** 978-93-5998-594-7

**मूल्य** ₹ 255.00

**PO No :** TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.*

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

**Follow us on...**

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| **नवीनतम समसामयिक घटनाक्रम** | 1-12 |
| **सॉल्वड पेपर्स** | |
| सॉल्वड पेपर 2018 (14 अगस्त) | 3-11 |
| सॉल्वड पेपर 2018 (10 अगस्त) | 12-21 |
| सॉल्वड पेपर 2014 (अहमदाबाद) | 22-28 |
| **प्रैक्टिस सेट्स** | |
| प्रैक्टिस सेट 1 | 31-36 |
| प्रैक्टिस सेट 2 | 37-43 |
| प्रैक्टिस सेट 3 | 44-49 |
| प्रैक्टिस सेट 4 | 50-56 |
| प्रैक्टिस सेट 5 | 57-62 |
| प्रैक्टिस सेट 6 | 63-68 |
| प्रैक्टिस सेट 7 | 69-74 |
| प्रैक्टिस सेट 8 | 75-81 |
| प्रैक्टिस सेट 9 | 82-87 |
| प्रैक्टिस सेट 10 | 88-94 |
| प्रैक्टिस सेट 11 | 95-101 |
| प्रैक्टिस सेट 12 | 102-108 |
| प्रैक्टिस सेट 13 | 109-114 |
| प्रैक्टिस सेट 14 | 115-121 |
| प्रैक्टिस सेट 15 | 122-127 |
| प्रैक्टिस सेट 16 | 128-133 |
| प्रैक्टिस सेट 17 | 134-139 |
| प्रैक्टिस सेट 18 | 140-145 |

| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस सेट 19 | 146-151 |
| प्रैक्टिस सेट 20 | 152-157 |
| प्रैक्टिस सेट 21 | 158-164 |
| प्रैक्टिस सेट 22 | 165-171 |
| प्रैक्टिस सेट 23 | 172-178 |
| प्रैक्टिस सेट 24 | 179-184 |
| प्रैक्टिस सेट 25 | 185-190 |
| प्रैक्टिस सेट 26 | 191-197 |
| प्रैक्टिस सेट 27 | 198-204 |
| प्रैक्टिस सेट 28 | 205-211 |
| प्रैक्टिस सेट 29 | 212-217 |
| प्रैक्टिस सेट 30 | 218-224 |
| प्रैक्टिस सेट 31 | 225-230 |
| प्रैक्टिस सेट 32 | 231-236 |
| प्रैक्टिस सेट 33 | 237-240 |
| प्रैक्टिस सेट 34 | 241-244 |
| प्रैक्टिस सेट 35 | 245-248 |
| **रेलवे एक अवलोकन** | 249-256 |
| **फार्मूला बैंक** | 257-270 |

# रेलवे भर्ती बोर्ड (RRBs)
# असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
### कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)

## मुख्य तिथियाँ

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 20.01.2024 |
| आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि | 19.02.2024 (23.59 hours) |
| संशोधन शुल्क के भुगतान के साथ आवेदन पत्र में सुधार के लिए संशोधन विण्डो की तिथियाँ (कृपया ध्यान दें: 'खाता बनाएँ' फॉर्म में भरे गए विवरण और चुने गए आरआरबी को संशोधित नहीं किया जा सकता है) | 20.02.2024 to 29.02.2024 |

| पद | 7वें सीपीसी में वेतन स्तर | प्रारम्भिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु 01-07-2024 को | कुल रिक्तियाँ (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट (ALP) | लेवल 2 | 19900 | A-1 | 18-30 वर्ष | 5696 |

**RRB WISE RAILWAY WISE SUMMARY OF VACANCIES**

| S. No. | RRB | Rly | UR | SC | ST | OBC | EWS | Total | EXSM |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AHMEDABAD | WR | 95 | 37 | 17 | 65 | 24 | 238 | 24 |
| 2 | AJMER | NWR | 86 | 32 | 13 | 72 | 25 | 228 | 22 |
| 3 | BENGALURU | SWR | 186 | 72 | 35 | 127 | 53 | 473 | 47 |
| 4 | BHOPAL | WCR | 145 | 25 | 19 | 21 | 9 | 219 | 22 |
| | | WR | 35 | 5 | 0 | 18 | 7 | 65 | 7 |
| 5 | BHUBANESWAR | ECoR | 104 | 42 | 51 | 65 | 18 | 280 | 28 |
| 6 | BILASPUR | CR | 57 | 0 | 13 | 44 | 10 | 124 | 12 |
| | | SECR | 483 | 179 | 89 | 322 | 119 | 1192 | 119 |
| 7 | CHANDIGARH | NR | 42 | 2 | 4 | 12 | 6 | 66 | 6 |
| 8 | CHENNAI | SR | 57 | 33 | 15 | 29 | 14 | 148 | 15 |
| 9 | GORAKHPUR | NER | 18 | 7 | 3 | 11 | 4 | 43 | 4 |
| 10 | GUWAHATI | NFR | 26 | 9 | 4 | 17 | 6 | 62 | 6 |
| 11 | JAMMU-SRINAGAR | NR | 15 | 6 | 3 | 11 | 4 | 39 | 4 |
| 12 | KOLKATA | ER | 155 | 37 | 19 | 23 | 20 | 254 | 26 |
| | | SER | 30 | 11 | 23 | 20 | 7 | 91 | 9 |
| 13 | MALDA | ER | 67 | 19 | 20 | 25 | 30 | 161 | 16 |
| | | SER | 23 | 8 | 4 | 15 | 6 | 56 | 6 |
| 14 | MUMBAI | SCR | 10 | 4 | 2 | 7 | 3 | 26 | 3 |
| | | WR | 41 | 16 | 8 | 30 | 15 | 110 | 11 |
| | | CR | 179 | 58 | 37 | 95 | 42 | 411 | 41 |
| 15 | MUZAFFARPUR | ECR | 15 | 5 | 3 | 11 | 4 | 38 | 4 |
| 16 | PATNA | ECR | 15 | 6 | 3 | 10 | 4 | 38 | 4 |
| 17 | PRYAGRAJ | NCR | 163 | 13 | 10 | 27 | 28 | 241 | 25 |
| | | NR | 21 | 7 | 3 | 12 | 2 | 45 | 5 |
| 18 | RANCHI | SER | 57 | 32 | 10 | 38 | 16 | 153 | 16 |
| 19 | SECUNDERABAD | ECoR | 80 | 30 | 15 | 54 | 20 | 199 | 20 |
| | | SCR | 228 | 85 | 40 | 151 | 55 | 559 | 56 |
| 20 | SILIGURI | NFR | 27 | 10 | 5 | 18 | 7 | 67 | 7 |
| 21 | THIRUVANANTHAPURAM | SR | 39 | 14 | 14 | 1 | 2 | 70 | 7 |
| | | | **2499** | **804** | **482** | **1351** | **560** | **5696** | **572** |

# RRBs ALP भर्ती प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रम

## भर्ती प्रक्रिया

(a) एक उम्मीदवार केवल एक RRB के लिए आवेदन कर सकता है और केवल एक ही Online आवेदन जमा करना होगा।

(b) भर्ती प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होंगे

(i) प्रथम चरण सीबीटी (CBT-1)

(ii) द्वितीय चरण सीबीटी (CBT-2)

(iii) कम्प्यूटर आधारित योग्यता परीक्षण (CBAT)

(iv) दस्तावेज सत्यापन (DV) और

(v) चिकित्सा परीक्षण (ME)

(c) परीक्षा कार्यक्रम और स्थानों की जानकारी उचित समय पर आधिकारिक आरआरबी वेबसाइटें, SMS और email के माध्यम से दी जाएगी।

(d) किसी भी चरण को स्थगित करने या स्थान, तिथि और शिफ्ट में बदलाव के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

## प्रथम चरण सीबीटी (CBT-1)

(a) CBT-1 केवल एक स्क्रीनिंग टेस्ट होगा। CBT-1 के normalised score and merit के आधार पर उम्मीदवारों को CBT-2 के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा

(b) अन्तिम पैनल तैयार करते समय CBT-1 के अंकों की गणना नहीं की जाएगी।

(c) OBC/SC/ST से सम्बन्धित उम्मीदवार, जिन्हें आयु के मानदण्डों में छूट का लाभ उठाकर CBT-2 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, को इस भर्ती प्रक्रिया के सभी बाद के चरणों के लिए केवल उनके सम्बन्धित आरक्षित समुदायों के उम्मीदवारों के रूप में माना जाता रहेगा।

(d) CBT-1 का पैटर्न और पाठ्यक्रम

(i) अवधि : 60 मिनट

(ii) प्रश्नों की संख्या 75, अधिकतम अंक : 75 (@1 अंक प्रति प्रश्न)

(iii) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंकों की दर से नकारात्मक अंकन किया जाएगा।

(iv) कई पालियों में आयोजित CBTs के लिए अंकों का normalisation किया जाएगा।

(v) पात्रता के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत UR & EWS -40%, OBC (NCL) - 30%, SC-30%, ST-25%

(vi) CBT-1 के लिए प्रश्नों का मानक आमतौर पर पद के लिए निर्धारित शैक्षिक मानकों और/या न्यूनतम तकनीकी योग्यता के अनुरूप होगा। प्रश्न बहुविकल्पीय उत्तरों के साथ वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और निम्नलिखित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों को कवर करने की सम्भावना है:

(a) **गणित** संख्या प्रणाली, बोडमास, दशमलव, भिन्न, एलसीएम, एचसीएम, एचसीएफ, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बीजगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमिति, प्राथमिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु, गणना, कैलेण्डर और घड़ी, पाइप और टंकी आदि।

(b) **मानसिक क्षमता** सादृश्य, वर्णमाला और संख्या शृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संचालन, रिश्ते, सिलोगिज्म, जंबलिग, वेन आरेख, डेटा व्याख्या और पर्याप्तता निष्कर्ष और निर्णय लेना, समानताएँ और अन्तर, विश्लेषणात्मक तर्क, वर्गीकरण, दिशाएँ, कथन–तर्क और धारणाएँ आदि।

(c) **सामान्य विज्ञान** इसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम में 10वीं कक्षा के स्तर के भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान शामिल होंगे।

(d) **सामान्य जागरूकता** समसामयिक मामले, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल, संस्कृति, व्यक्तित्व, अर्थशास्त्र, राजनीति और अन्य महत्त्व के विषय।

# नवीनतम समसामयिक घटनाक्रम

## राष्ट्रीय

### 75वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

- 26 जनवरी, 2024 को भारत ने अपना ७५वाँ गणतंत्र दिवस मनाया। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की थीम 'विकसित भारत व लोकतंत्र की मातृका' रही।
- गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।
- इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति 'इमैनुएल मैक्रो' रहे। जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा ऐतिहासिक बग्गी में कर्तव्य पथ ले जाया गया।
- इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शीर्ष आकर्षणों में महिलाओं की त्रि-सेवा समूह परेड, फ्रांसिसी सशस्त्र बलों का संयुक्त मार्चिंग दल, उत्तर प्रदेश की झांकी जिसमें अयोध्या स्थित रामलला को दर्शाने वाली मूर्तियाँ मुख्य रही।

### अयोध्या में श्री रामलला का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह

22 जनवरी, 2024 को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित भव्य मन्दिर में अनुष्ठान का नेतृत्व किया। प्रधानमन्त्री ने मन्दिर के गर्भगृह में अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति का अनावरण भी किया। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ और RSS प्रमुख मोहन भागवत ने भी रामलला की पूजा-अर्चना की। उद्योगपति मुकेश अम्बानी, सुनील मित्तल और अनिल अम्बानी, फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, रजनीकान्त, रणबीर कपूर, चिरंजीवी, माधुरी दीक्षित, कैटरीना कैफ, आलिया भट्ट और कंगना रनौत के साथ-साथ खेल जगत की हस्तियाँ सचिन तेन्दुलकर, अनिल कुम्बले और साइना नेहवाल सहित सभी क्षेत्रों के लोग राम जन्मभूमि पर मौजूद रहे।

### विंग्स इण्डिया 2024 आयोजित

हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 18-21 जनवरी, 2024 के बीच एशिया में नागरिक उड्डयन क्षेत्र का सबसे बड़ा कार्यक्रम 'विंग्स इण्डिया 2024' आयोजित किया गया। इसका आयोजन नागरिक उड्डयन मन्त्रालय, भारत सरकार और FICCI द्वारा किया गया। इस शो का मुख्य विषय ''अमृत काल में भारत को विश्व से जोड़ना: भारत नागरिक उड्डयन 2047 के लिए मंच तैयार करना'' था। इस कार्यक्रम को कई विचार-विमर्श, पैनल चर्चा, B2B बैठकों, प्रदर्शनियों, उड़ानों के स्थिर प्रदर्शन और एयर शो ने चिह्नित किया।

### भारत अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 आयोजित

फरीदाबाद (हरियाणा) में 17-20 जनवरी, 2024 तक भारत अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) 2023 का 9वाँ संस्करण आयोजित किया गया। IISF 2023 की विषयवस्तु 'अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक लोकसम्पर्क' थी। IISF 2023 का उद्देश्य व्यापक स्तर पर लोगों को प्रेरित करना और छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग के पेशेवरों, उद्यमियों तथा विज्ञान सम्प्रेषकों जैसे विविध स्तर के हितों वाले व्यक्तियों के लिए एक मंच प्रदान करना था।

### 'प्रधानमन्त्री सूर्योदय योजना' की घोषणा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2024 को 'प्रधानमन्त्री सूर्योदय योजना' की घोषणा की, जिसके तहत एक करोड़ परिवारों को छत पर सौर प्रणाली मिलेगी। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि देश के लोगों के पास अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम होना चाहिए। इससे न केवल गरीबों और मध्यम वर्ग का बिजली बिल कम होगा, बल्कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

### बोइंग इण्डिया इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी सेण्टर का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जनवरी, 2024 को बेंगलुरु में नए 'बोइंग इण्डिया इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी सेण्टर' का उद्घाटन किया और 'बोइंग सुकन्या' कार्यक्रम लॉन्च किया। प्रधानमन्त्री ने बताया कि बंगलुरु में बोइंग सुविधा 'मेक इन इण्डिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' संकल्प को मजबूत करती है और भारत की प्रतिभा में दुनिया के विश्वास को मजबूत करती है। बोइंग सुकन्या कार्यक्रम 150 स्थानों पर STEM लैब बनाएगा। यह कार्यक्रम उन महिलाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा, जो पायलट बनने के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं।

### भारत व क्यूबा के बीच डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर समझौता

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय ने 19 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में डिजिटल परिवर्तन के लिए जनसंख्या पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने के क्षेत्र में सहयोग पर क्यूबा गणराज्य के संचार मन्त्रालय के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के डिजिटल पारिस्थितिकी तन्त्र को पारस्परिक रूप से लाभ पहुँचाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और अन्य सहयोगी गतिविधियों के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना है।

### प्रधानमन्त्री आवास योजना-ग्रामीण की किस्त का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी, 2024 को वीडियो कॉफ्रेंन्सिग के माध्यम से PM-JANMAN के तहत PM आवास योजना - ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। लगभग ₹ 24000 करोड़ के बजट के साथ PM-JANMAN, 9 मन्त्रालयों के माध्यम से 11 महत्त्वपूर्ण अन्त:क्षेपों पर केन्द्रित है। इस पहल का उद्देश्य आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल आदि जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करके विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के लिए सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बढ़ाना है।

### भारत के पहले डार्क स्काई पार्क की घोषणा

महाराष्ट्र में पेंच टाइगर रिजर्व ने 14 जनवरी, 2024 को भारत के पहले डार्क स्काई पार्क के उद्घाटनकर्ता के रूप में मान्यता हासिल करके इतिहास रच दिया, जो एशिया में पाँचवें स्थान पर है। रिज़र्व पार्क मध्य प्रदेश में सिवनी और छिन्दवाड़ा जिलों में सतपुड़ा पहाड़ियों के दक्षिणी हिस्से में स्थित है। ये पहाड़ियाँ नागपुर जिले में एक अलग अभयारण्य के रूप में मौजूद हैं।

### 'मुम्बई ट्रान्स हार्बर लिंक' का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी, 2024 को मुम्बई ट्रान्स हार्बर लिंक (MTHL) का उद्घाटन किया। इसे अटल सेतु के रूप में भी जाना जाता है, जो भारत के अब तक के सबसे लम्बे समुद्री पुल के उद्घाटन को चिह्नित करता है। ₹ 17840 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित 21.8 किमी के लिंक का उद्देश्य दक्षिण मुम्बई और नवी मुम्बई के बीच यात्रा के समय को 120 मिनट से घटाकर केवल 20 मिनट करना है।

### 'एनजेण्डरिंग लैण्ड पोर्ट्स इन इण्डिया' रिपोर्ट जारी

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (LPAI) ने 11 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में एनजेण्डरिंग लैण्ड पोर्ट्स इन इण्डिया' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट का प्राथमिक लक्ष्य देश में भूमि बन्दरगाहों के माध्यम से लिंग-समावेशी सीमा पार व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक ढांचा तैयार करना है।रिपोर्ट का उद्देश्य लिंग-सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देना है।

### भारत 2047 तक बन जाएगा 30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था

वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने 11 जनवरी, 2024 को घोषणा की कि भारत वर्ष 2047 तक $ 30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि देश वर्ष 2028 तक $ 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों में $ 919 बिलियन का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। कुल 65% निवेश पिछले 9 वर्षों में आया है।

## वाइब्रेण्ट गुजरात ट्रेड शो का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी, 2024 को गाँधीनगर में वाइब्रेण्ट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस पाँच दिवसीय ट्रेड शो में कुल 100 देश विजिटिंग देशों के रूप में, जबकि 33 देश भागीदार के रूप में शामिल हुए। ट्रेड शो इलेक्ट्रिक वाहन, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकण्डक्टर और साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों पर केन्द्रित था।

## इण्डियन रेलवेज कंस्ट्रक्शन मैनुअल 2023 लॉन्च

रेल मन्त्री अश्विनी वैष्णव ने 9 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में 'इण्डियन रेलवेज कंस्ट्रक्शन मैनुअल 2023' को लॉन्च किया। इस निर्माण नियमावली से भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, पुल डिजाइन, अनुबंध प्रबन्धन, सुरंगों और अण्डर ब्रिज के निर्माण सहित कई गतिविधियों में मदद मिलेगी। यह मैनुअल विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते रेल नेटवर्क को स्थापित करने में भी मदद करेगा।

## देश की पहली स्मार्ट लैब की शुरुआत

ऑल इण्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) नई दिल्ली ने 5 जनवरी, 2024 को एक छत के नीचे परीक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपने OPD ब्लॉक में देश की पहली स्मार्ट लैब शुरू की। यह सुविधा निर्बाध रूप से एकीकृत है, जो हेमेटोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, सीरोलॉजी, एण्डोक्रिनोलॉजी और विभिन्न प्रतिरक्षी परीक्षण सहित प्रयोगशाला परीक्षण सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करती है। AIIMS की स्मार्ट लैब की 90% रिपोर्ट उसी दिन मिल जाती है, जिस दिन सैम्पल मिलता है।

## ISRO द्वारा पहला एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह लॉन्च

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (ISRO) ने 1 जनवरी, 2024 को पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल PSLV-C58 द्वारा एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट (XPoSat) को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। उपग्रह को आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र से लॉन्च किया गया था। XPoSat के साथ 10 अन्य वैज्ञानिक पेलोड भी लॉन्च किए गए। अब, भारत संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद आकाशगंगा में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए एक विशेष खगोल विज्ञान वैधशाला भेजने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है।

## 16वें वित्त आयोग का गठन

केन्द्र सरकार ने 31 दिसम्बर, 2023 को अरन्विद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन किया। IAS अधिकारी ऋत्विक रंजनम पाण्डे आयोग के सचिव होंगे। आयोग आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है और उस पर उचित सिफारिशें कर सकता है। वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले 5 वर्ष की अवधि को कवर करते हुए 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

## ऐतिहासिक त्रिपक्षीय शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली में 30 दिसम्बर, 2023 को केन्द्र, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रण्ट ऑफ असम (ULFA) के बीच एक त्रिपक्षीय शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थायी शान्ति लाना है। केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह के अनुसार वर्ष 2014 में NDA सरकार के गठन के बाद, असम में हिंसक घटनाओं में 87%, मौतों में 90% और अपहरण में 84% की कमी आई है।

## डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को मंजूरी

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय ने 10 नवम्बर, 2023 को डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य केन्श्वीय संचार ब्यूरो (CBC) को सक्षम और सशक्त बनाना है, जो डिजिटल मीडिया स्पेस में अभियान चलाने के लिए भारत सरकार की विज्ञापन शाखा है।

यह नीति CBC को OTT और वीडियो ऑन डिमाण्ड स्पेस में एजेन्सियों और संगठनों को सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाएगी।

## ग्वालियर व कोझीकोड UNESCO क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल

भारत के ग्वालियर और कोझीकोड शहर 9 नवम्बर, 2023 को उन 55 नए शहरों में शामिल हो गए जिन्हें UNESCO क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में सम्मिलित किया गया है। कोझीकोड UNESCO द्वारा 'साहित्य का शहर' का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त करने वाला भारत का पहला शहर है। वर्ष 2015 में वाराणसी के बाद ग्वालियर UNESCO द्वारा 'संगीत का शहर' के रूप में नामित होने वाला भारत का दूसरा शहर है।

## 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अक्टूबर, 2023 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी में 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ किया। इससे महाराष्ट्र में प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत 86 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। यह योजना लाभार्थियों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान करेगी।

## NCERT की आगामी पुस्तकों में 'इण्डिया' की जगह होगा 'भारत'

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने 24 अक्टूबर, 2023 को देश भर की सभी पाठ्यपुस्तकों में 'इण्डिया' शब्द को 'भारत' से बदलने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। इस सिफारिश के पीछे का विचार राष्ट्र की समृद्ध विरासत को स्वीकार करते हुए 'भारत' नाम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर देना है। इस परिवर्तन का उद्देश्य भारत के ऐतिहासिक विकास की अधिक सूक्ष्म और व्यापक समझ प्रदान करना है।

## भारत का पहला RRTS लॉन्च

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ RRTS कॉरिडोर के प्राथमिकता खण्ड का उद्घाटन किया। उन्होंने साहिबाबाद से दुहाई डिपो को जोड़ने वाली नमो भारत रैपिडएक्स ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जो भारत में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) के शुभारम्भ को चिह्नित करती है। 180 किमी/घण्टा की उल्लेखनीय डिजाइन गति के साथ, RRTS का उद्देश्य हर 15 मिनट में इंटरसिटी आवागमन के लिए हाई-स्पीड ट्रेनें प्रदान करना है।

## भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स सूची 2023

मुकेश अंबानी ने 11 अक्टूबर, 2023 को भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स सूची 2023 में पहला स्थान प्राप्त किया। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की कुल सम्पत्ति इस वर्ष (2023) $ 799 अरब पर स्थिर रही।

अंबानी के बाद गौतम अडानी ($ 68 अरब), शिव नादर ($ 29.3 अरब), सावित्री जिंदल ($ 24 अरब), राधाकिशन दमानी ($ 23 अरब), साइरस पूनावाला ($ 20.7 अरब) और हिन्दुजा परिवार ($ 20 अरब) का नम्बर आता है।

## भारत AIBD के अध्यक्ष के रूप में पुनर्निर्वाचित

भारत को 6 अक्टूबर, 2023 को प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय संगठन एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) जनरल कॉन्फ्रेन्स (GC) का नेतृत्व करने के लिए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया।

भारत इससे पहले वर्ष 2018-21 और वर्ष 2021-23 तक AIBD GC के अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुका है।

## 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड' का गठन

भारत सरकार ने 4 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करेगा। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी से सम्बन्धित मामलों पर नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को बढ़ाएगा और हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेन्सियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।

## 'PM विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में केन्द्रीय क्षेत्र की 'PM विश्वकर्मा' योजना का आधिकारिक तौर पर शुभारम्भ किया।

भारत के केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने पारम्परिक कारीगरों और कारीगरों या 'विश्वकर्मा' को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए एण्ड-टू-एण्ड समर्थन के लिए पूरे भारत में PM विश्वकर्मा योजना को लागू करने के लिए 16 अगस्त, 2023 को अपनी मंजूरी दे दी थी।

## SBI द्वारा 'नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड' का अनावरण

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 7 सितम्बर, 2023 को 'नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड' पेश किया ताकि ग्राहकों को आवागमन का सहज और सुविधाजनक अनुभव मिल सके और एक ही कार्ड के माध्यम से मेट्रो, बसों,घाटों और पार्किंग में आसान डिजिटल टिकटिंग किराया भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

रुपे NCMC प्रीपेड कार्ड का उद्देश्य मेट्रो, बसों, घाटों और पार्किंग जैसे परिवहन के विभिन्न तरीकों में सहज डिजिटल किराया भुगतान को सक्षम करके ग्राहकों के लिए परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

## NPCI द्वारा नए भुगतान विकल्प लॉन्च

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने 6 सितम्बर, 2023 को लोकप्रिय भुगतान प्लेटफार्मों UPI पर कई नए भुगतान विकल्प लॉन्च किए, जिसमें संवादात्मक लेनदेन भी शामिल हैं। उत्पादों में से एक 'हैलो UPI' है जो उपयोगकर्ताओं को हिंदी और अंग्रेजी में ऐप, दूरसंचार कॉल और IrcT उपकरणों के माध्यम से वॉयस-सक्षम UPI भुगतान करने में सक्षम करेगा।

नवीनतम पेशकशों का उद्देश्य एक समावेशी, लचीला और टिकाऊ डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है और UPI को प्रति माह 100 बिलियन लेनदेन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

## भारत का पहला AI-पावर्ड एंटी-ड्रोन सिस्टम लॉन्च

हैदराबाद स्थित एक प्रमुख डीप-टेक कम्पनी ग्रेने रोबोटिक्स ने 4 सितम्बर, 2023 को 'इंद्रजाल' नामक भारत के पहले AI-पावर्ड एंटी-ड्रोन सिस्टम का उद्घाटन किया।

यह अत्याधुनिक प्रणाली महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और निजी क्षेत्रों को ड्रोन के बढ़ते खतरे से बचाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

## तमिलनाडु में भारत का पहला ड्रोन कॉमन टेस्टिंग सेंटर

तमिलनाडु सरकार ने 16 अगस्त, 2023 को सूचित किया कि रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (DTIS) के तहत भारत का पहला मानव रहित हवाई प्रणाली (ड्रोन) कॉमन टेस्टिंग सेंटर तमिलनाडु में स्थापित किया जाएगा।

यह केंद्र श्रीपेरंबदूर के पास वल्लम वडगल के एघ्झ्ण्ध्ऊ औद्योगिक पार्क में 2.3 एकड़ के क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। ₹ 45 करोड़ की अनुमानित लागत से स्थापित होने वाला परीक्षण केंद्र राज्य को एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों में देश की आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम करेगा।

## NCLT द्वारा Zee और सोनी के बीच मेगा विलय को मंजूरी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) ने 10 अगस्त, 2023 को भारत की घरेलू मनोरंजन कंपनी Zee एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज की कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (पूर्ववर्ती सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इण्डिया या (SPNI) के साथ विलय योजना को मंजूरी दे दी।

यह मेगा विलय के लिए महत्वपूर्ण नियामक अनुमोदन है, जिसका उद्देश्य $ 10 बिलियन मीडिया दिग्गज बनाना है, जिसे वर्ष 2021 में घोषित किया गया था, लेकिन कई कारणों से इसमें देरी हुई है।

## प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा 'यूरिया गोल्ड' का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री मोदी ने 1 अगस्त, 2023 को 'यूरिया गोल्ड' नामक एक नए प्रकार के यूरिया का शुभारम्भ किया। यूरिया गोल्ड को सल्फर लेपित यूरिया (SCU) के रूप में भी जाना जाता है। यह सल्फर के साथ लेपित है, जो मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है और किसानों के खर्च को कम कर सकता है। यह यूरिया की एक नई किस्म है जिसके लिए कम खेत की आवश्यकता होती है और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।

## ISRO द्वारा छह सह-यात्री उपग्रहों का प्रक्षेपण

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 30 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र के पहले लॉन्च पैड से PSLV-C56 रॉकेट लॉन्च किया।

PSLV-C56 मिशन सिंगापुर के एक DS-SAR उपग्रह के साथ 6 सह-यात्री उपग्रहों को ले गया। 3600 किग्रा वजनी DS-SAR उपग्रह को सिंगापुर सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले DSTA और ST इन्जीनियरिंग द्वारा विकसित किया गया है।

## अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 29 जुलाई, 2023 को दिल्ली के भारत मण्डपम में 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023' का उद्घाटन किया।

प्रधानमन्त्री मोदी ने PM श्री योजना के तहत धन की पहली किस्त भी जारी की। 6207 स्कूलों को पहली किस्त मिली है जिसमें कुल ₹ 6.30 अरब की राशि दी गई है। उन्होंने 12 भारतीय भाषाओं में अनूदित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का भी विमोचन किया।

## 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' पहल की शुरुआत

केन्द्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने 26 जुलाई, 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक अनूठी पहल 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' (MGMD) शुरू की।

यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के तहत संस्कृति मन्त्रालय की एक अखिल भारतीय पहल है।

संस्कृति मन्त्रालय ने इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) के सहयोग से राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के तहत MGMD परियोजना शुरू की।

## 5वाँ हेलीकॉप्टर और छोटे विमान शिखर सम्मेलन आयोजित

5वाँ हेलीकॉप्टर और छोटे विमान शिखर सम्मेलन 25 जुलाई, 2023 को खजुराहो, मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया।

शिखर सम्मेलन का विषय 'अन्तिम मील तक पहुँचनाः हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों के माध्यम से क्षेत्रीय सम्पर्क' था। इसने उद्योग के हितधारकों और नीति निर्माताओं को भारतीय हेलीकॉप्टर और छोटे विमान उद्योग के विकास पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## भारत का पहला प्राइवेट हिल स्टेशन 'लवासा'

भारत के पहले प्राइवेट हिल स्टेशन लवासा को 23 जुलाई, 2023 को डार्विन प्लेटफॉर्म इन्फ्रास्ट्रक्चर को ₹ 1.8 हजार करोड़ में बेचा गया। नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) की मंजूरी के बाद इसकी बिक्री की गई है।

इसका उद्देश्य ₹ 6642 करोड़ की कुल दावा राशि के साथ पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने के अधीन पाँच वर्ष के भीतर तैयार घरों की डिलीवरी सुनिश्चित करना है। लवासा हिल स्टेशन पुणे के पास पश्चिमी घाट के भीतर सुरम्य मुलशी घाटी में स्थित है।

## पारम्परिक दवाओं पर भारत और ASEAN सम्मेलन

नई दिल्ली ने 20 जुलाई, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पारम्परिक दवाओं पर भारत-ASEAN सम्मेलन की मेजबानी की। यह लगभग 10 वर्षों के अन्तराल के बाद आयोजित किया जाता है।

सम्मेलन का उद्देश्य पारम्परिक दवाओं के विषय पर विचार-मंथन सत्र और विचार साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। आयुष मन्त्रालय ने विदेश मन्त्रालय और ASEAN में भारतीय मिशन के सहयोग से भारत के इस सम्मेलन का आयोजन किया।

## एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इण्डेक्स 2022 रिपोर्ट जारी

नीति आयोग ने भारत के राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए 'एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इण्डेक्स (EPI) 2022' का तीसरा संस्करण 17 जुलाई, 2023 को जारी किया।

सूचकांक के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु ने कुल 80.89 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

महाराष्ट्र 78.20 अंक के साथ दूसरे और कर्नाटक 76.36 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। तटीय राज्यों की रैंकिंग में इसके बाद आन्ध्र प्रदेश (59.27), ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केरल का स्थान रहा।

## नेशनल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स 2023 जारी

नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई, 2023 को जारी नेशनल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स ए प्रोग्रेस रिव्यू 2023' रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2015-16 और 2019-21 के बीच, भारत में 13.5 करोड़ लोगों ने पाँच वर्षों की अवधि में सफलतापूर्वक स्वयं को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है।

## चन्द्रमा मिशन : चन्द्रयान-3

भारत के चन्द्रमा मिशन का तीसरा संस्करण 'चन्द्रयान-3' 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र से लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (LMV3) द्वारा लॉन्च किया गया। यह भारत का तीसरा चन्द्रमा मिशन, चन्द्रयान-3 वस्तुतः चन्द्रयान-2 की निरन्तरता है।

चन्द्रयान-2 को जुलाई, 2019 में लॉन्च किया गया था जिसे एक ऑर्बिटर एवं एक लैण्डर (विक्रम) के रूप में प्रक्षेपित किया गया था।

चन्द्रयान-3 ने चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैण्डिंग और रोविंग की एण्ड-टू-एण्ड क्षमता प्रदर्शित की है। इसमें लैण्डर और रोवर विन्यास शामिल हैं।

## लम्बानी वस्तुओं के सबसे बड़े प्रदर्शन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 9 जुलाई, 2023 को लम्बानी वस्तुओं के सबसे बड़े प्रदर्शन शुरूआत की। कर्नाटक के हम्पी में G20 संस्कृति कार्य समूह की बैठक के मौके पर इसे सम्बोधित किया गया। इस उपलब्धि की घोषणा PIB बेंगलुरु ने की। इस आयोजन में कुल 450 लम्बानी महिला कारीगरों ने भाग लिया। वे सन्दूर कुशला कला केन्द्र से जुड़े सांस्कृतिक चिकित्सक हैं।

## भारत की पहली 'पुलिस ड्रोन यूनिट' लॉन्च

भारत की पहली 'पुलिस ड्रोन यूनिट' 6 जुलाई, 2023 को चेन्नई में हवाई निगरानी बढ़ाने और आपराधिक गतिविधियों का त्वरित पता लगाने के लिए लॉन्च की गई।

इसका उद्देश्य बेहतर कानून प्रवर्तन के लिए विशाल क्षेत्रों में हवाई निगरानी बढ़ाना है। ग्रेटर चेन्नई सिटी पुलिस (GCP) ने ग्राउण्डब्रेकिंग 'पुलिस ड्रोन यूनिट' की शुरुआत की है। इसका उपयोग हवाई निगरानी क्षमताओं को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों की पहचान में तेजी लाने के लिए किया जाता है।

## सागर समृद्धि सिस्टम लॉन्च

केन्द्रीय मन्त्री सर्बानन्द सोनोवाल ने 12 जून, 2023 को 'सागर समृद्धि' ऑनलाइन ड्रेजिंग मॉनिटरिंग सिस्टम लॉन्च किया। इससे समुद्र और बन्दरगाह को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। इससे ड्रेजिंग पर रियलटाइम की जानकारी मिल सकेगी।

### भारत में एशिया का पहला प्रदर्शन-आधारित नेविगेशन

भारत ने 1 जून, 2023 को गगन उपग्रह प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जुहू से पुणे की उड़ान के लिए हेलीकॉप्टरों के लिए प्रदर्शन-आधारित नेविगेशन का एशिया का पहला प्रदर्शन किया। गगन GPS एडेड GEO संवर्धित नेविगेशन को सन्दर्भित करता है।

यह विस्तार की क्षमता के साथ भारतीय FIR (उड़ान सूचना क्षेत्र) पर सर्वोत्तम सम्भव नेविगेशन सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक अन्तरिक्ष-आधारित संवर्धन प्रणाली है। इसे भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (ISRO) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### CITIIS 2.0 को मंजूरी

केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल द्वारा CITIIS 2.0 को 31 मई, 2023 को अनुमोदित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने की।

यह कार्यक्रम वर्ष 2023 से शुरू होकर वर्ष 2027 तक 4 वर्ष की अवधि के लिए चलेगा। इसका उद्देश्य राज्य स्तर पर जलवायु-उन्मुख सुधार कार्यों को लागू करना और संस्थानों को मजबूत करना और राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान का प्रसार करना है।

### नए संसद भवन का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई, 2023 को आधिकारिक तौर पर नए संसद भवन का उद्घाटन किया। नया संसद भवन, नई दिल्ली के सेण्ट्रल विस्टा क्षेत्र में स्थित है। इसे भारतीय संसद के बढ़ते आकार और जरूरतों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### पटना बना CBDC का उपयोग करने वाला पहला नगर निगम

पटना नगर निगम ने 28 मई, 2023 को सेण्ट्रल बैंक डिजिटल करेन्सी (CBDC) को अपनाया। यह CBDC को अपनाने वाला देश का पहला नगर निगम बन गया है। ई-रुपी का उपयोग पूरे पटना नगर निगम क्षेत्र में किया जाएगा।

CBDC का क्रियान्वयन नगर निगम मुख्यालय मौर्य लोक परिसर से शुरू होगा। बाद में यह निगम के भीतर सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और भुगतान काउण्टरों तक विस्तारित होगा।

### वाराणसी में भारत का पहला रीडिंग लाउन्ज लॉन्च

लाल बहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय (LBSI) हवाई अड्डा, वाराणसी 10 मई, 2023 को रीडिंग लाउन्ज रखने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया।

लाउन्ज के पुस्तकालय में प्रधानमन्त्री युवा योजना के तहत प्रकाशित युवा लेखकों की पुस्तकों के अलावा कई अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं में साहित्य और पुस्तकों का संग्रह है। वाराणसी हवाई अड्डा देश का पहला हवाई अड्डा बन गया है, जिसमें मुफ्त रीडिंग लाउन्ज है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### दावोस में 54वाँ WEF शिखर सम्मेलन

स्विट्जरलैण्ड के दावोस में 15-19 जनवरी, 2024 तक वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की 54वीं वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इसका विषय 'रिबिल्डिंग ट्रस्ट' था, जो नई प्रौद्योगिकियों द्वारा सक्षम अवसरों की खोज और निर्णय लेने एवं वैश्विक साझेदारी पर उनके प्रभाव पर ध्यान केन्द्रीय करने पर जोर देता है।

इसमें जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के खतरों, भू-राजनीतिक बिखराव के बीच सहयोग और विश्व भर में अन्य समस्याओं से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा की गई। यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास युद्ध जैसे चल रहे संघर्ष भी एजेण्डे का हिस्सा थे।

### क्राउन प्रिन्स फ्रेडरिक X बने डेनमार्क के राजा

क्राउन प्रिन्स फ्रेडरिक X 15 जनवरी, 2024 को डेनमार्क के राजा बने, उन्होंने अपनी माँ, रानी मार्गरेट II का स्थान लिया, जिन्होंने औपचारिक रूप से सम्राट के रूप में 52 वर्ष बाद पद त्यागा है। 83 वर्षीय मार्गरेट लगभग 900 वर्षों में स्वेच्छा से सिंहासन छोड़ने वाली पहली डेनिश सम्राट हैं। उन्होंने नए वर्ष की पूर्व संध्या पर टेलीविजन पर पद छोड़ने की अपनी योजना की घोषणा करके देश को चौंका दिया था।

### विलियम लाई चिंग-ते ताइवान के राष्ट्रपति निर्वाचित

ताइवान के मतदाताओं ने 14 जनवरी, 2024 को विलियम लाई चिंग-ते को अपने राष्ट्रपति के रूप में चुना। वह डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (DPP) से सम्प्रभुता समर्थक उम्मीदवार और वर्तमान उपराष्ट्रपति हैं। लाई ने अपने रूढ़िवादी प्रतिद्वन्द्वी, कुओमितांग (KMT) के होउ यू-इह को 900000 से अधिक मतों से हराकर DPP के लिए अभूतपूर्व लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल किया।

### ग्लोबल वाटर मॉनिटर रिपोर्ट 2023 जारी

13 जनवरी, 2024 को जारी ग्लोबल वाटर मॉनिटर रिपोर्ट 2023 में जानकारी दी गई है कि 77 से अधिक देशों ने पिछले 45 वर्षों में अपने उच्चतम औसत वार्षिक तापमान को सहन किया। अभूतपूर्व गर्मी सभी मौसमों में प्रकट हुई, जो जल बजट के साथ वर्षा पैटर्न को प्रभावित करती है। अध्ययन के अनुसार, पिछला वर्ष वैश्विक जल चक्र उभरते अल नीनो के उष्णकटिबन्धीय वर्षा क्षेत्रों से प्रभावित हुआ था। गर्म और शुष्क हवा के बावजूद, कृषि प्रथाओं को विकसित करने जैसे कई सम्भावित कारकों के कारण वार्षिक मिट्टी की नमी का स्तर वर्ष 1998-2005 के औसत से 3.5% बढ़ गया।

### ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इण्डेक्स 2024 जारी

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इण्डेक्स ने 9 जनवरी, 2024 को विश्व के सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की। इस सूची के अनुसार, एलन मस्क विश्व के सबसे अमीर शख्स हैं और उनकी कुल संपत्ति $ 219 अरब है। दूसरे स्थान पर $ 170 अरब की सम्पत्ति के साथ जेफ बेजोस और $ 167 अरब की सम्पत्ति के साथ फ्रांस के बर्नार्ड अर्नोल्ड विश्व के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। मुकेश अम्बानी जिनकी कुल सम्पत्ति $ 97 बिलियन है, विश्व के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं और गौतम अडानी इस सूची में 14वें स्थान पर हैं।

### हिम तेन्दुआ बना किर्गिस्तान का राष्ट्रीय प्रतीक

मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान ने 8 जनवरी, 2024 को हिम तेन्दुए को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में घोषित किया। राष्ट्रपति झापारोव का आदेश पारिस्थितिक सन्तुलन बनाए रखने में हिम तेन्दुओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। जंगल में इन शानदार प्राणियों की हानि पर्वतीय पारिस्थितिक तन्त्र के नाजुक सन्तुलन के लिए एक महत्त्वपूर्ण खतरा पैदा करती है। किर्गिस्तान ने वर्ष 2013 में 'ग्लोबल स्नो लेपर्ड फोरम' की मेजबानी की थी।

### मोहम्मद मुइज़्ज़ू बने मालदीव के 8वें राष्ट्रपति

डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने 17 नवम्बर, 2023 को मालदीव गणराज्य के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ ने भी पद की शपथ ली।

मालदीव के मुख्य न्यायाधीश अहमद मुतासिम अदनान ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. मुइज़्ज़ू ने सितंबर 2023 में हुए चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था।

### अमेरिका द्वारा चिकनगुनिया के पहले टीके को मंजूरी

US FDA ने 13 नवम्बर, 2023 को वाल्नेवा द्वारा विकसित दुनिया के पहले चिकनगुनिया टीके, 'Ixchiq' को मंजूरी दे दी। एक खुराक में दिए जाने वाले Ixchiq में चिकनगुनिया वायरस का एक जीवित, कमजोर संस्करण होता है, जो टीकों के लिए मानक दृष्टिकोण का पालन करता है। बुखार और गम्भीर जोड़ों के दर्द का कारण बनने वाला वायरस, आमतौर पर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और अमेरिका के कुछ हिस्सों के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

### सबसे पुराने ब्लैक होल की खोज

शोधकर्ताओं ने एक ग्राउंडब्रैकिंग खोज में अब तक के सबसे प्राचीन ब्लैक होल की पहचान की है। इस सम्बन्ध में 7 नवम्बर, 2023 को जानकारी दी गई।

यह खगोलीय विशालकाय ब्लैक होल बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के जन्म के केवल 470 मिलियन वर्ष बाद अस्तित्व में आया। यह खोज NASA के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और चंद्र एक्स-रे वेधशाला के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से सम्भव हुई।

### चीन की बेल्ट एण्ड रोड पहल से बाहर निकलेगा फिलिपीन्स

फिलिपीन्स ने 4 नवम्बर, 2023 को चीन के बेल्ट एण्ड रोड इनिशिएटिव से बाहर निकलने की घोषणा की है। पश्चिम और जापान के प्रतियोगियों के पक्ष में फिलिपीन परिवहन विभाग द्वारा प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की पूर्ण समाप्ति की घोषणा की गई है।

इससे फिलिपीन-चीन संबंधों में एक नया निम्न बिंदु आ गया है, जो बीजिंग समर्थक रोड्रिगो दुतेर्ते राष्ट्रपति पद के दौरान छह साल के गर्मजोशी भरे जुड़ाव से काफी उलट है।

### मलेशिया के 17वें राजा होंगे 'सुल्तान इब्राहिम'

मलेशिया में 29 अक्टूबर, 2023 को आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई कि दक्षिणी राज्य जोहोर के 'सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर' देश के अगले और 17वें राजा होंगे।

इस पद पर शाह अल-सुल्तान अब्दुल्ला की जगह लेने वाले इब्राहिम इस्कंदर की नियुक्ति 31 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। मलेशिया में राजा इस्लाम के प्रमुख और अपने सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्य करता है।

### श्रीलंका द्वारा 7 देशों के लिए मुफ्त वीजा की घोषणा

श्रीलंका ने 24 अक्टूबर, 2023 को भारत सहित सात देशों के पर्यटकों के लिए वीजा शुल्क माफ करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अन्य छह देश चीन, रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया और जापान हैं।

यह नीति 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य अधिक आगंतुकों को आकर्षित करना और देश को हाल की आर्थिक चुनौतियों से उबरने में मदद करना है।

### दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान का संयुक्त हवाई अभ्यास

दक्षिण कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने 22 अक्टूबर, 2023 को अपना पहला संयुक्त हवाई अभ्यास किया।

इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया द्वारा बढ़ते मिसाइल और परमाणु खतरों के खिलाफ रक्षा सहयोग और तैयारियों को मजबूत करना है। इस अभ्यास में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम एक अमेरिकी B-52 बमवर्षक विमान भी शामिल था और इसे कोरियाई प्रायद्वीप के दक्षिण में आसमान में आयोजित किया गया था।

### ग्लोबल हंगर इण्डेक्स 2023 जारी

भारत को 12 अक्टूबर, 2023 को जारी ग्लोबल हंगर इण्डेक्स (GHI) 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया है, जो वर्ष 2022 में अपने 107वें स्थान से गिरावट को दर्शाता है।

GHI 2023 रिपोर्ट के अनुसार, बेलारूस, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, चिली, चीन शीर्ष रैंक वाले देशों (यानी, भूख का निम्न स्तर) में हैं और यमन, मेडागास्कर, मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे नीचे हैं।

### ग्रीनवाशिंग से लड़ने के लिए नए मानक को मंजूरी

यूरोपीय संसद के सदस्यों (MEPS) ने 7 अक्टूबर, 2023 को 'यूरोपीय ग्रीन बॉन्ड' लेबल के उपयोग के लिए एक नया स्वैच्छिक मानक अपनाया, जो दुनिया में अपनी तरह का पहला है।

यह विनियमन जारीकर्ताओं के लिए एक समान मानक निर्धारित करता है जो अपने बांड के विपणन के लिए पदनाम 'यूरोपीय ग्रीन बॉन्ड' (EuGB) का उपयोग करना चाहते हैं। मानक निवेशकों को अधिक टिकाऊ प्रौद्योगिकियों और व्यवसायों में अपने पैसे को अधिक आत्मविश्वास से निर्देशित करने में सक्षम बनाएंगे।

### खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 16वां अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड

खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी (IOAA) पर 16वां अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड 10-20 अगस्त, 2023 तक चोरज़ो (पोलैंड) में आयोजित किया गया था।

इसमें यूनाइटेड किंगडम 5 स्वर्ण के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत ने 4 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

राजदीप मिश्रा ( कोटा, राजस्थान), कोडुरु तेजेश्वर (कुरनूल, आंध्र प्रदेश), मोहम्मद साहिल अख्तर (कोलकाता, पश्चिम बंगाल), आकर्ष राज सहाय (नागपुर, महाराष्ट्र) को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया जबकि साईवनीत मुकुंद (बैंगलोर, कर्नाटक) को रजत पदक से सम्मानित किया गया।

टीम का नेतृत्व IUCAA, पुणे के प्रोफेसर सुरहुद मोरे और HBCSE-TIFR., मुंबई के प्रीतेश रणदिवे ने किया।

### वैश्विक तम्बाकू महामारी 2023 पर WHO की रिपोर्ट

तम्बाकू नियन्त्रण पर WHO की नई रिपोर्ट 2 अगस्त, 2023 को जारी हुई जिसमें वैश्विक प्रगति पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें सशक्तिकरण उपायों का कार्यान्वयन शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में, आज 300 मिलियन कम धूम्रपान करने वालों के साथ, धूम्रपान का प्रसार 22.8% (2007) से घटकर 17% (2021) हो गया।

WHO ने विशेष रूप से युवाओं के लिए एक सुरक्षित विकल्प के रूप में ई-सिगरेट के आक्रामक प्रचार के खिलाफ चेतावनी दी।

### UNESCO द्वारा स्कूलों में स्मार्टफोन पर वैश्विक प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह

संयुक्त राष्ट्र एजेन्सी UNESCO ने 30 जुलाई, 2023 को मानव-केन्द्रित शिक्षा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में स्मार्टफोन पर वैश्विक प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह किया। रिपोर्ट स्कूलों में स्मार्टफोन पर दुनिया भर में प्रतिबन्ध का समर्थन करती है जहाँ प्रौद्योगिकी एकीकरण सीखने के परिणामों में सुधार नहीं करता है।

### रूस में लिंग परिवर्तन और ट्रांसजेण्डर विवाह पर प्रतिबन्ध

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 जुलाई, 2023 को नए कानून पर हस्ताक्षर किए, जो रूस में LGBTQ + समुदाय को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है।

संसद के दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित कानून में लिंग परिवर्तन पर व्यापक प्रतिबन्ध शामिल है। किसी व्यक्ति के लिंग को बदलने और आधिकारिक दस्तावेजों या सार्वजनिक रिकॉर्ड पर सेक्स बदलने के उद्देश्य से चिकित्सा हस्तक्षेप सख्ती से निषिद्ध हैं। नया कानून केवल जन्मजात विसंगतियों के इलाज के लिए चिकित्सा हस्तक्षेप की अनुमति देता है।

### खोजा गया 3000 वर्ष पुराना 'कोंडोर का मार्ग'

पेरू में पुरातत्वविदों ने 13 जुलाई, 2023 को चाविन डी हुआंटार पुरातात्विक स्थल पर एक रोमांचक खोज की। पुरातत्वविदों ने 3000 वर्ष पुराने एक सील मार्ग की खोज की है, जिसे 'कोंडोर का मार्ग' कहा जाता है।

यह लीमा, पेरू के उत्तर-पूर्व में लगभग 190 मील (306 किमी) की दूरी पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। साइट चाविन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केन्द्र था, जो लगभग 1500-550 ईसा पूर्व में पनपा था।

### ट्यूनिकेट की एक नई जीवाश्म प्रजाति की खोज

शोधकर्ताओं ने 13 जुलाई, 2023 को मेगासाइफन थायलाकोस नामक ट्यूनिकेट की एक नई जीवाश्म प्रजाति की खोज की। मेगासाइफन थायलाकोस जीवाश्म लगभग 500 मिलियन वर्ष पुराना है। खोज से पता चलता है कि आधुनिक ट्यूनिकेट बॉडी प्लान कैम्ब्रियन विस्फोट के तुरन्त बाद स्थापित किया गया था।

ट्यूनिकेट्स, जिसे आमतौर पर समुद्री धारा के रूप में जाना जाता है, समुद्री जानवरों का एक समूह है।

### ग्लोबल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स 2023

ग्लोबल MPI 2023 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एण्ड ह्यूमन डेवलपमेण्ट इनिशिएटिव (OPHI) द्वारा 11 जुलाई, 2023 को जारी किया गया।

इण्डेक्स के अनुसार, भारत सहित 25 देशों ने 15 वर्षों के भीतर अपने ग्लोबल MPI मूल्यों को सफलतापूर्वक आधा कर दिया, यह दर्शाता है कि तेजी से प्रगति संभव है। इन देशों में कम्बोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, भारत, इण्डोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं।

### महिला सशक्तीकरण और वैश्विक लैंगिक समानता पर सूचकांक जारी

संयुक्त राष्ट्र महिला-UNDP की संयुक्त रिपोर्ट में महिला सशक्तीकरण सूचकांक (WEI) और वैश्विक लैंगिक समानता सूचकांक (GGPI) से जुड़े आँकड़े 20 जुलाई, 2023 को साझा किए गए हैं। इन दोनों ही सूचकांकों में भारत को पिछड़े देशों की सूची में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2022 में केवल 24.9% महिलाओं ने माध्यमिक या उच्चतर शिक्षा हासिल की थी, जबकि पुरुषों में यह आँकड़ा 38.6% दर्ज किया गया।

### EU और न्यूजीलैण्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

न्यूजीलैण्ड और यूरोपीय संघ (EU) ने 10 जुलाई, 2023 को मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए। यह न्यूजीलैण्ड को चौथे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में महत्वपूर्ण नयी व्यापार पहुँच उपलब्ध कराएगा।

दोनों पक्ष इस समझौते से एक दशक के भीतर द्विपक्षीय व्यापार में 30% तक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

# खेल-खिलाड़ी

## क्रिकेट

### ICC विश्व कप 2023

भारत ने 5 अक्टूबर से 19 नवम्बर, 2023 तक ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण की मेजबानी की। इसके फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार यह खिताब जीता है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार मिला। यह पहला पुरुष क्रिकेट विश्व कप था जिसकी मेजबानी पूरी तरह से भारत ने की थी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2023

पंजाब ने 6 नवम्बर, 2023 को बड़ौदा को 20 रन से हराकर अपना पहला सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब जीत लिया। अभिषेक शर्मा (पंजाब) को इस टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। यह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का 16वां संस्करण था, जो भारत में आयोजित एक ट्वेंटी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता थी।

### एशिया कप 2023

पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से 17 सितम्बर, 2023 के बीच पुरुषों के एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का 16वाँ संस्करण आयोजित किया गया। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया।

फाइनल मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को दिया गया। भारतीय स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार दिया गया।

### वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों से हराकर अपना पहला ICC वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 जीती। चैम्पियनशिप 11 जून, 2023 को लन्दन के केनिंग्टन ओवल में आयोजित की गई।

ऑस्ट्रेलिया सभी ICC खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी

करने का फैसला किया। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में हारी है।

### IPL 2023

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने 29 मई, 2023 को मुम्बई इण्डियन्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए अपना पाँचवाँ इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL) खिताब जीता।

**प्रमुख पुरस्कार विजेता और पुरस्कार राशि**

| पुरस्कार | विजेता | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| विजेता | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) | ₹ 20 करोड़ |
| उप-विजेता | गुजरात टाइटन्स (GT) | ₹ 12.5 करोड़ |
| MVP ऑफ द सीजन | शुबमन गिल (GT) | ₹ 10 लाख |
| पर्पल कैप (सर्वाधिक विकेट) | मोहम्मद शामी (GT) | ₹ 10 लाख |
| ऑरेन्ज कैप (सर्वाधिक रन) | शुबमन गिल (GT) | ₹ 10 लाख |

## बहु-खेल स्पर्धा

### 37वें राष्ट्रीय खेल 2023

गोवा राज्य में 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर, 2023 तक भारत के 37वें राष्ट्रीय खेल आयोजित किए गए।

महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय खेलों में शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा और अपना पहला स्थान बरकरार रखा। महाराष्ट्र ने 80 स्वर्ण सहित कुल 228 पदक जीते।

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड 66 स्वर्ण पदक सहित कुल 126 पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। जबकि हरियाणा 62 स्वर्ण पदक सहित कुल 192 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट ट्रॉफी 'प्रणति नाइक' और 'संयुक्ता केट' को दी गई जबकि सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट ट्रॉफी 'श्रीहरि नटराज' को दी गई।

### एशियन पैरा गेम्स 2022

हांग्जो (चीन) में 22-28 अक्टूबर, 2023 तक एशियाई दिव्यांग एथलीटों के लिए एशियन पैरा गेम्स 2022 आयोजित किए गए। एशियन पैरा गेम्स 2022 का आधिकारिक प्रतीक 'एवर फॉरवर्ड' था। जबकि आधिकारिक आदर्श वाक्य 'हार्ट्स मीट, ड्रीम्स शाइन' था।

**पदक तालिका में टॉप-5**

| देश | G | S | B | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 214 | 167 | 140 | 521 |
| ईरान | 44 | 46 | 41 | 131 |
| जापान | 42 | 49 | 59 | 150 |
| दक्षिण कोरिया | 30 | 33 | 40 | 103 |
| भारत | 29 | 31 | 51 | 111 |

### एशियन गेम्स 2023

हांगझोउ (चीन) में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर, 2023 तक 19वें एशियाई खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में कुल 45 ओलम्पिक खेलों और 61 विषयों में 45 देशों और क्षेत्रों के 11000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया।

भारत ने 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। चीन कुल 382 पदक (200 स्वर्ण, 111 रजत और 71 कांस्य) के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा। जापान दूसरे स्थान (186 पदक) पर रहा, जबकि कोरिया गणराज्य को तीसरा स्थान (190 पदक) मिला।

## कबड्डी

### एशियन चैम्पियनशिप 2023

भारत एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में ईरान को 42-32 के स्कोर से 30 जून, 2023 को हराकर विजयी हुआ। इस चैम्पियनशिप का आयोजन बुसान, कोरिया में किया गया था।

नौवें संस्करण में भारत को इस जीत ने अब तक का कुल आठवाँ खिताब दिलवाया। भारत ने लीग चरण के समापन में अपराजित रहकर 5 मैचों की अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## टेनिस

### पेरिस मास्टर्स 2023

पेरिस (फ्रांस) में 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 2023 का आयोजन किया गया। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता। टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार नहीं जीता है। इस जीत के साथ ही उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया।

### US ओपन 2023

वर्ष की चौथी और अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस प्रतियोगिता, US ओपन 2023, 28 अगस्त से 10 सितम्बर, 2023 तक न्यूयॉर्क सिटी (USA) के USTA बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित की गई। यह इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट का 143वां संस्करण था।

### विम्बलडन 2023

स्पेन के कार्लोस अल्कैराज ने 17 जुलाई, 2023 को पुरुष एकल वर्ग में चार बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को हराकर विम्बलडन खिताब 2023 हासिल किया।

मार्केटा वोंद्रोसोवा महिला एकल चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनीं। फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा ने ओन्स जाबेउर को हराया, जो पिछले वर्ष के टूर्नामेण्ट में उप-विजेता रही थी।

### फ्रेंच ओपन 2023

नोवाक जोकोविच ने 9 जून, 2023 को फ्रेंच ओपन फाइनल में अपना पुरुषों का रिकॉर्ड 23वाँ ग्रैण्ड स्लैम खिताब जीता। जोकोविच ने सबसे बड़ी एकल ट्रॉफियों के लिए प्रतिद्वन्द्वी राफेल नडाल के साथ टाई तोड़ दिया।

वह कम से कम तीन बार सभी चार ग्रैण्ड स्लैम जीतने वाले पहले व्यक्ति भी बन गए। दुनिया की नम्बर एक खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैण्ड की इगा स्वियाटेक ने महिला एकल का ताज जीता।

**विजेताओं के नाम**

| श्रेणी | विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) | केस्पर रूड (नॉर्वे) |
| महिला एकल | इगा स्वियाटेक (पोलैण्ड) | कैरोलिना मुचोवा (चेक गणराज्य) |
| पुरुष युगल | इवान डूडिग (क्रोएशिया) / आस्टिन क्रेजीसेक (USA) | सांडर गिल्ली / जोरान विलीजेन (बेल्जियम) |
| महिला युगल | हिसी सु-वेई (ताइवान) / वांग झंयू (चीन) | लेलाह फर्नाण्डेज (कनाडा) / टॉयलर टाउनसेण्ड (USA) |
| मिश्रित युगल | मियू काटो (जापान) / टिम पुट्ज (जर्मनी) | बियांका एण्ड्रेसू (कनाडा) / माइकल वेनिस (न्यूजीलैण्ड) |

## फुटबॉल

### स्पेनिश सुपर कप 2024

रियल मैड्रिड ने 14 जनवरी, 2024 को खेले गए स्पेनिश सुपर कप के फाइनल में बार्सिलोना को 4-1 से हराकर जीत हासिल की। यह फाइनल मैच रियाद (सऊदी अरब) में हुआ था।

विनिसियस जूनियर खेल के हीरो रहे और उन्होंने रियल मैड्रिड के लिए 3 गोल (हैट्रिक) किए। बार्सिलोना ने 1 गोल किया, जो रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने किया।

### डूरण्ड कप 2023

डूरण्ड कप 2023 एक घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट था जिसका आयोजन कोलकाता, गुवाहाटी और कोकराझार में 3 अगस्त से 3 सितम्बर, 2023 तक किया गया था।

यह डूरण्ड कप का 132वां संस्करण था, जो एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) द्वारा समर्थित होने के बाद से यह दूसरा संस्करण था।

फाइनल में , मोहन बागान सुपर जायंट ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल FC को 1-0 से हराकर खिताब जीता। यह मोहन बागान का 17वां डूरंड कप खिताब है।

## शतरंज

### वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप 2023

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने 29 दिसम्बर, 2023 को FIDE वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप 2023 का खिताब जीता।

FIDE वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप दिसम्बर 2023 में उज्बेकिस्तान के समरकन्द में आयोजित की गई थी।

व्लादिमीर फेडोसेव दूसरे स्थान पर रहे और यू यांगी चैम्पियनशिप में तीसरे स्थान पर रहे।

मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड पांचवीं बार वर्ल्ड रैपिड चेस टाइटल जीता है।

## एथलेटिक्स

### शिकागो मैराथन 2023

केन्या के केल्विन किप्टम ने 8 अक्टूबर, 2023 को शिकागो मैराथन 2023 को 2 घण्टे और 35 सेकण्ड के समय के साथ

जीतकर पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इथियोपिया में जन्मी नीदरलैण्ड की 30 वर्षीय धाविका 'सिफान हसन' ने 2 घण्टे, 13 मिनट और 44 सेकण्ड में शिकागो मैराथन जीतकर महिला खिताब जीता।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023

बुडापेस्ट (हंगरी) में 19-27 अगस्त, 2023 तक विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 आयोजित की गई। भारत के नीरज चोपड़ा ने चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बनाया।

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा 88.17 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए।

भारतीय एथलीटों ने एक स्वर्ण पदक के साथ समापन किया और पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया।

### श्रीलंका नेशनल चैम्पियनशिप 2023

भारत ने 30 जुलाई, 2023 को श्रीलंका एथलेटिक्स नेशनल चैम्पियनशिप में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की।

भारत ने 9 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। कोलम्बो के सुगाथादासा स्टेडियम में प्रतियोगिता के अन्तिम दिन भारतीय एथलीटों ने 6 पदक अपने नाम किए। भारत के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट किशोर कुमार जेना को प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ पुरुष थ्रोअर ट्रॉफी मिली।

### वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप 2023

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन 8-17 जुलाई, 2023 तक फ्रांस के पेरिस के चारलेटी स्टेडियम में किया गया था।

भारत ने इस चैम्पियनशिप में 3 स्वर्ण, 4 रजत, 3 कांस्य सहित 10 पदक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। सुमित अंतिल, अजीत सिंह और सचिन खिलारी ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 70.83 मीटर भाला फेंककर विश्व रिकॉर्ड बनाया और इस प्रक्रिया में पेरिस पैरालम्पिक वर्ष 2024 के लिए कोटा भी हासिल किया। यह दूसरी बार है जब सुमित अपना ही कुल मिलाकर 6वीं बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं।

### डायमण्ड लीग 2023

ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 5 मई, 2023 को दोहा डायमण्ड लीग 2023 में 88.67 मी थ्रो के साथ जीत हासिल की। चेक गणराज्य के वाडलेजिच दूसरे और ग्रेनाडा के पीटर्स तीसरे स्थान पर रहे।

### नीरज चोपड़ा को प्राप्त पुरस्कार

- अर्जुन पुरस्कार-2018
- विशिष्ट सेवा पदक (VSM)-2020
- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न-2021
- पद्मश्री-2022
- परम विशिष्ट सेवा पदक (PVSM)-2022

## हॉकी

### सुल्तान जोहोर कप 2023

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने 6 नवम्बर, 2023 को मलेशिया के जोहोर में सुल्तान जोहोर कप 2023 में कांस्य पदक हासिल किया।

जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर 11 साल के इंतजार के बाद दूसरी बार सुल्तान जोहोर कप का खिताब जीता।

भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम इससे पहले वर्ष 2013 और 2014 में दो बार प्रतिष्ठित जोहोर बाहरू कप जीत चुकी है।

### हॉकी 5S एशिया कप 2023

पुरुष और महिला हॉकी 5S एशिया कप 2023 का आयोजन 25-28 अगस्त, 2023 तक सलालाह (ओमान) में किया गया। महिला हॉकी 5S एशिया कप 2023 इस टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्करण था।

भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीते। पुरुष वर्ग में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-4 (2-0 SO) से हराया। जबकि भारतीय महिला टीम ने फाइनल में थाईलैंड को 7-2 से हराकर टूर्नामेंट जीता।

इन जीत के साथ,भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने हॉकी 5 विश्व कप ओमान 2024 के लिए अपनी योग्यता हासिल कर ली है।

### वुमेन जूनियर हॉकी एशिया कप 2023

भारत ने 11 जून, 2023 को वुमेन जूनियर हॉकी एशिया कप 2023 के फाइनल में चार बार के चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया। यह भारत के लिए पहला वुमेन जूनियर हॉकी एशिया कप है और यह जापान के काकामिगाहारा में आयोजित किया जाता है।

पहले क्वार्टर में गोलरहित रहने के बाद भारत ने 22वें मिनट में अन्नू के पेनल्टी कार्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल की।

## शूटिंग

### ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023

ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 बाकू (अजरबैजान) में 14 अगस्त से 1 सितम्बर 2023 तक आयोजित की गई।

इस टूर्नामेंट में भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण और 8 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते और ओवरऑल पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहे।

*पदक तालिका में शीर्ष-5 देश इस प्रकार हैं*

| देश | G | S | B | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 15 | 7 | 6 | 28 |
| यूक्रेन | 6 | 4 | 2 | 12 |
| भारत | 6 | - | 8 | 14 |
| स्विट्ज़रलैंड | 5 | 4 | 4 | 13 |
| अमेरिका | 5 | 2 | 3 | 10 |

### ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023

ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023 में दक्षिण कोरिया में 16-24 जुलाई, 2023 तक आयोजित की जाएगी। भारत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के तीसरे संस्करण में दूसरा स्थान हासिल किया। भारत को प्रभावशाली प्रदर्शन से इस चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक मिले।

**टॉप 5 देश**

| देश | G | S | B | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 12 | 9 | 7 | 28 |
| भारत | 6 | 6 | 5 | 17 |
| यूक्रेन | 5 | 3 | 2 | 10 |
| कज़ाकस्तान | 4 | 4 | 2 | 10 |
| इटली | 4 | 3 | 4 | 11 |

### ISSF शॉटगन वर्ल्ड कप 2023

भारतीय निशानेबाज पृथ्वीराज टोण्डाइमन ने 17 जुलाई, 2023 को लोनाटो (इटली) में ISSF शॉटगन वर्ल्ड कप 2023 में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

लोनाटो निशानेबाजी प्रतियोगिता में पृथ्वीराज टोण्डाइमन का कांस्य पदक भारत का एकमात्र पदक था। यह उनका दूसरा व्यक्तिगत ISSF विश्व कप पदक था, इससे पहले उन्होंने मार्च, 2023 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

भारत लोनाटो में पदक तालिका में नौवें स्थान पर रहा जिसमें अमेरिका दो स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष पर रहा। इटली में ISSF शॉटगन वर्ल्ड कप पेरिस 2024 ओलम्पिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता थी।

### ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2023

ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन जर्मनी के सुहल में 1 से 9 जून, 2023 तक किया गया। भारत इस चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 15 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2023 में कुल 39 भारतीय निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था।

कुल मिलाकर, 46 विभिन्न देशों के 511 जूनियर निशानेबाजों ने चैम्पियनशिप में भाग लिया। भारत के बाद कोरिया (12), अमेरिका (9) और इटली (7) का नम्बर आता है।

### ISSF विश्व कप 2023

भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने 17 मई, 2023 को अजरबैजान के बाकू में ISSF विश्व कप 2023 में चार पदक जीते। बाकू मीट में भारत एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ कुल पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हृदय हजारिका और नैंसी मंढोत्रा ने पुरुष और महिला 10 मी एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीते।

## टेबल टेनिस

### अल्टीमेट टेबल टेनिस 2023

गोवा चैलेंजर्स ने 30 जुलाई, 2023 को अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 का खिताब जीतने के लिए गत चैम्पियन चेन्नई लायन्स पर 8-7 से सनसनीखेज जीत हासिल की।

फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग का प्रचार नीरज बजाज और वीता दानी ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (TTFI) के तत्वावधान में किया।

## तीरन्दाजी

### विश्व युवा चैम्पियनशिप 2023

विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप, 2023 आयरलैण्ड के लिमरिक में 3-9 जुलाई, 2023 तक आयोजित की गई। भारत ने सबसे अधिक 11 पदक जीतकर चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया।

कोरिया 6 स्वर्ण और 4 रजत सहित कुल 10 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा। भारत कुल 11 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### आर्चरी विश्व कप 2023 (चरण 1)

तुर्की के अन्ताल्या में आयोजित हुण्डई तीरन्दाजी विश्व कप चरण 1 में भारत 4 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। हुण्डई तीरन्दाजी विश्व कप चरण 1, 18-23 अप्रैल, 2023 तक आयोजित किया गया था। यह विश्व तीरन्दाजी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय तीरन्दाजी सर्किट का 17वाँ संस्करण है।

**पदक तालिका (टॉप-3)**

| देश | पदक |
|---|---|
| USA | 4 (2 स्वर्ण, 2 रजत) |
| भारत | 4 (2 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य) |
| चीन | 3 (1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य) |

## बैडमिण्टन

### आबू धाबी मास्टर्स 2023

आबू धाबी (UAE) में 17 से 22 अक्टूबर, 2023 तक आबू धाबी मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 आयोजित हुआ। 16 वर्षीय उन्नति हुड्डा (भारत) ने महिला एकल में 20 वर्षीय सामिया इमाद फारूकी (भारत) को हराया और यह उनका दूसरा BWF सुपर 100 विश्व टूर खिताब है।

डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन ने अबू धाबी मास्टर्स 2023 में पुरुष एकल जीता। भारतीय जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने इस टूर्नामेंट में महिला युगल और मलेशिया की गोह सेजे फेई और नूर इजुद्दीन ने पुरुष युगल जीता।

### जापान ओपन 2023

जापान ओपन 2023 एक बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट था जो 25 से 30 जुलाई, 2023 तक टोक्यो, जापान में योयोगी नेशनल जिम्नेजियम में हुआ।

2023 जापान ओपन 2023 BWF वर्ल्ड टूर का अठारहवाँ टूर्नामेण्ट था और जापान ओपन चैम्पियनशिप का भी हिस्सा था, जो वर्ष 1977 से आयोजित किया गया था।

**विजेताओं की सूची**

| वर्ग | विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क) | जोनाथन क्रिस्टी (इण्डोनेशिया) |
| महिला एकल | आन सी यांग (दक्षिण कोरिया) | ही बिंग जियाओ (चीन) |

### US ओपन 2023

US ओपन 2023 एक बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट था जो 11-16 जुलाई, 2023 तक काउंसिल ब्लफ्स (आयोवा, US) में हुआ था। यह BWF विश्व टूर 2023 का सोलहवाँ टूर्नामेण्ट था। यह US ओपन चैंपियनशिप का भी हिस्सा है जो 1954 से आयोजित की जा रही है।

**विजेताओं की सूची**

| वर्ग | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | ली शिफेंग (चीन) |
| महिला एकल | सुपानिडा कातेथोंग (थाईलैण्ड) |
| पुरुष युगल | गोह सेज फेई / नूर इजुद्दीन (मलेशिया) |

### कनाडा ओपन 2023

कनाडा ओपन एक बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट है जो 4-1 जुलाई, 2023 तक कैलगरी, कनाडा में हुआ। लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन 2023 में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया है।

सेन ने वर्ल्ड नम्बर-10 खिलाड़ी चीन की ली शी फेंग को हराकर कनाडा ओपन जीता है। लक्ष्य का इस सत्र में यह दूसरा BWF विश्व टूर खिताब है। वह जनवरी 2022 में इण्डिया ओपन का खिताब जीत चुके हैं।

**विजेताओं की सूची**

| वर्ग | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | लक्ष्य सेन (भारत) |
| महिला एकल | अकाने यामागुची (जापान) |

## साइकिलिंग

### टूर डी फ्रांस 2023

जम्बो-विस्मा के डेनमार्क के जोनास विंगेगार्ड ने 26 जुलाई, 2023 को पेरिस (फ्रांस) में चैम्प्स-एलिसिस पर लगातार दूसरे वर्ष टूर डी फ्रांस का 110वाँ संस्करण जीता। विंगेगार्ड ने 2020-2021 के चैम्पियन स्लोवेनिया के तादेज पोगाकर से 7 मिनट 29 सेकण्ड आगे 21-दिवसीय दौड़ के बाद फिनिश लाइन पार की।

## गोल्फ

### वुमेन्स ब्रिटिश ओपन 2023

वुमेन्स ब्रिटिश ओपन 2023 गोल्फ टूर्नामेंट 10-13 अगस्त, 2023 तक वाल्टन हीथ गोल्फ क्लब (सुर्रे, इंग्लैंड) में आयोजित किया गया था।

अमेरिकी गोल्फर लिलिया वू ने वर्ष 2023 के अपने दूसरे प्रमुख खिताब का दावा करने के लिए महिला ब्रिटिश ओपन जीता।

कैलिफोर्निया की 25 वर्षीय खिलाड़ी वर्ष 2019 में जिन यंग को के बाद एक ही वर्ष में दो मेजर जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई और वर्ष 1999 में जूली इंकस्टर के बाद पहली अमेरिकी महिला बन गईं। उसने अप्रैल 2023 में शेवरॉन चैंपियनशिप भी जीती थी।

### द ओपन 2023

ओपन चैम्पियनशिप 2023 एक गोल्फ टूर्नामेण्ट है जो 20 से 23 जुलाई, 2023 तक रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में होयलेक, मर्सीसाइड, इंग्लैण्ड में खेला गया। ब्रायन हरमन ने अपनी पहला करियर ओपन चैम्पियनशिप जीती। यह हरमन के करियर की पहली बड़ी चैम्पियनशिप थी और 6 वर्ष में उनकी पहली PGA टूर जीत थी।

## स्क्वैश

### स्कॉटिश जूनियर ओपन 2023

भारतीय किशोरी अनाहत सिंह ने 31 दिसम्बर, 2023 को एडिनबर्ग में आयोजित स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश 2023 में लड़कियों के अण्डर-19 खिताब पर कब्जा कर लिया। अनाहत ने फाइनल में स्वदेशी प्रबल दावेदार रॉबिन मैकअल्पाइन को 11-6, 11-1, 11-5 से हराया। दिल्ली की अनाहत के लिए यह वर्ष शानदार रहा, जिन्होंने अण्डर-19 और सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में डबल खिताब जीते।

# पुरस्कार एवं समान

## राष्ट्रीय

### पद्म पुरस्कार, 2024

- ७५वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गयी। जिसमें 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण व 110 को पद्म श्री प्रदान किया गया।

### भारत रत्न 2024

बिहार के पूर्व मुख्य मन्त्री कर्पूरी ठाकुर को 23 जनवरी, 2024 को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई।

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार 2024

केन्द्रीय गृह मन्त्रालय द्वारा 23 जनवरी, 2024 को वर्ष 2024 के लिए संस्थागत श्रेणी में '60 पैराशूट फील्ड हॉस्पिटल, उत्तर प्रदेश' को आपदा प्रबन्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार 2024 के लिए चुना गया। 60 पैराशूट फील्ड हॉस्पिटल, उत्तर प्रदेश की स्थापना वर्ष 1942 में हुई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है, जिसे विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा के लिए मान्यता प्राप्त है।

### प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में 19 असाधारण बच्चों को प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं में 9 लड़के और 10 लड़कियाँ हैं। विजेताओं में आदित्य विजय ब्रह्मणे (मरणोपरान्त) (महाराष्ट्र), अनुष्का पाठक (उत्तर प्रदेश), अरिजीत बनर्जी (पश्चिम बंगाल), अरमान उबरानी (छत्तीसगढ़), हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया (गुजरात), इशफाक हामिद (जम्मू-कश्मीर), मोहम्मद हुसैन (बिहार), पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया (तेलंगाना), सुहानी चौहान (दिल्ली), आर्यन सिंह (राजस्थान), अवनीश तिवारी (मध्य प्रदेश), गरिमा (हरियाणा), ज्योत्सना अख्तर (त्रिपुरा), सय्याम मजूमदार (असम), आदित्य यादव (उत्तर प्रदेश), चार्वी ए (कर्नाटक), जेसिका नेयी सरिंग (अरुणाचल प्रदेश), लिनथोई चानंबम (मणिपुर) तथा आर सूर्य प्रसाद (आन्ध्र प्रदेश) शामिल हैं।

### एमएस स्वामीनाथन पुरस्कार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर बी आर कंबोज को 2 जनवरी, 2024 को प्रतिष्ठित एमएस स्वामीनाथन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कृषि विज्ञान के क्षेत्र में एक वैज्ञानिक और विस्तार विशेषज्ञ के रूप में उनके योगदान के लिए दिया गया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चन्द गहलोत ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।

### साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023

वर्ष 2023 के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा 20 दिसम्बर, 2023 को 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों के लिए की गई। संजीव को हिन्दी भाषा के लिए उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो' के लिए यह पुरस्कार दिया गया। नीलम शरण

गौड़ के उपन्यास 'रेकीम इन राग जानकी' को अंग्रेजी भाषा में और सादिका नवाब सहर के उपन्यास 'राजदेव की अमराई' को उर्दू भाषा में पुरस्कृत किया गया। इस बार पुरस्कारों के लिए चुने गए साहित्य में 9 कविता संग्रह, 6 उपन्यास, 5 कहानी संग्रह, 3 निबन्ध और 1 आलोचना शामिल है।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023

युवा मामले और खेल मन्त्रालय ने 20 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा की। बैडमिण्टन खिलाड़ी चिराग सी. शेट्टी और सात्विक साई राज रंकीरेड्डी को मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आर. वैशाली (शतरंज), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), रितु नेगी (कबड्डी) और सुनील कुमार (कुश्ती) सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। कुश्ती कोच ललित कुमार, शतरंज कोच आरबी रमेश, पैरा एथलेटिक्स कोच महावीर प्रसाद सैनी, हॉकी कोच शिवेन्द्र सिंह और मल्लखम्ब कोच गणेश प्रभाकर देवरुखकर को रेगुलर कैटेगरी में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोल्फ कोच जसकीरत सिंह ग्रेवाल, कबड्डी कोच भास्करन ई. और टेबल टेनिस कोच जयंत कुमार पुशीलाल को लाइफटाइम श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार 2022

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने लगभग एक वर्ष की देरी के बाद 11 सितम्बर, 2023 को वर्ष 2022 के लिए शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों के लिए विजेताओं की सूची जारी की।

| | |
|---|---|
| भौतिक विज्ञान | अनिद्य दास (IISc, बेंगलुरु), बासुदेब दासगुप्ता (TIFR, मुंबई) |
| जीव विज्ञान | अश्विनी कुमार (CSIR-इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़), एम. मदिका सुब्बा रेड्डी (सेंटर फॉर DNA फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स, हैदराबाद) |
| रसायन विज्ञान | अक्कट्टू बीजू (IISc, बेंगलुरु), देबब्रत मैती (IIT बॉम्बे) |
| पृथ्वी, वायुमंडल, महासागर और ग्रह विज्ञान | विमल मिश्रा (IIT गांधीनगर) |
| इंजीनियरिंग | दीप्ति रंजन साहू (IIT दिल्ली), रजनीश कुमार (IIT मद्रास) |
| गणित शास्त्र | अपूर्वा खरे (IISc, बेंगलुरु), नीरज कयाल (माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च लैब, इण्डिया) |
| चिकित्सा | दिप्यमा गांगुली (CSIR इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल बायोलॉजी) |

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 सितम्बर, 2023 को शिक्षक दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन (नई दिल्ली) में आयोजित एक समारोह में देश भर के 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया। वर्ष 2023 के लिए पुरस्कार 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा के 13 शिक्षकों और कौशल विकास और उद्यमिता मन्त्रालय के 12 शिक्षकों को वितरित किए गए।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, ₹ 50000 का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को माननीय प्रधानमन्त्री के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलता है।

### वीरता पुरस्कार

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 14 अगस्त, 2023 को 76 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है।

इनमें चार कीर्ति चक्र (मरणोपरांत), पांच मरणोपरांत सहित 11 शौर्य चक्र, दो बार टू सेना पदक (वीरता), 52 सेना पदक (वीरता), तीन नौसेना पदक (वीरता) और चार वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं।

मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्राप्त करने वालों में दिलीप कुमार दास, राज कुमार यादव, बबलू राभा और सांभा रॉय (सभी CRPF के) शामिल हैं।

शौर्य चक्र प्राप्तकर्ताओं में पांच कर्मी शामिल हैं, जिन्हें मरणोपरांत इसके लिए नामित किया गया है, जिनमें मेजर विकास बीहंभू और मेजर मुस्तफा बोहरा (आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन); हवलदार विवेक सिंह तोमर (राजपूताना राइफल्स), राइफलमैन कुलभूषण मंता (राष्ट्रीय राइफल्स)।

### जांच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मन्त्री का पदक 2023

गृह मंत्रालय ने 12 अगस्त, 2023 को घोषणा की कि वर्ष 2023 के लिए जांच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मन्त्री के पदक से 140 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

इन पुरस्कारों को प्राप्त करने वाले कर्मियों में CBI के 15, NIA के 12, उत्तर प्रदेश के 10, केरल और राजस्थान के 9-9, तमिलनाडु के 8, मध्य प्रदेश के 7 और गुजरात के 6 और शेष अन्य राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, संगठनों के हैं। इनमें 22 महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।

जांच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मन्त्री के पदक का गठन वर्ष 2018 में अपराध की जांच के उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और जांच में ऐसी उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से किया गया था। ये वर्ष 12 अगस्त को घोषित किए जाए ते।

### लोकमान्य तिलक पुरस्कार 2023

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को इस वर्ष प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक के हाथों 1 अगस्त, 2023 को लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर प्रदान किया जाएगा।

तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक और रोहित तिलक ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में इस सम्बन्ध में आधिकारिक घोषणा की।

### बाल साहित्य पुरस्कार और युवा पुरस्कार

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के लिए बाल साहित्य पुरस्कार और युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की घोषणा 24 जून, 2023 को कर दी। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मण्डल की बैठक में सूची जारी की गई, जिसमें 22 बाल साहित्यकार और 20 युवा साहित्यकार पुरस्कार शामिल हैं।

बच्चों की प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति को उनकी कहानियों के संग्रह 'ग्रैण्डपेरेण्ट्स बैग ऑफ स्टोरीज' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**IIFA 2023 के प्रमुख विजेता**

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | दृश्यम 2 |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | 'रॉकेट्री' के लिए 'आर माधवनः द नांबी इफेक्ट' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (महिला) | 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के लिए आलिया भट्ट |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) | 'विक्रम वेधा' के लिए ऋतिक रोशन |
| सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (महिला) | 'ब्रह्मास्त्र' के लिए 'मौनी रॉय': भाग एक - शिवा |
| सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) | 'जुग जुग जियो' के लिए अनिल कपूर |
| सिनेमा में फैशन के लिए उत्कृष्ट उपलब्धि | मनीष मल्होत्रा |
| भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट उपलब्धि | कमल हासन |
| क्षेत्रीय सिनेमा में उत्कृष्ट उपलब्धि | मराठी फिल्म 'वेद' के निर्देशक रितेश देशमुख |

### भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर पुरस्कार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को 'भय मुक्त उत्तर प्रदेश' बनाने के लिए भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार समारोह का आयोजन मुम्बई के षणमुखानन्द ऑडिटोरियम में किया गया था।

उत्तर प्रदेश विधानपरिषद के सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने योगी आदित्यनाथ की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।

बुद्धांजलि रिसर्च फाउण्डेशन ने पुरस्कार समारोह का आयोजन किया, जिसमें रामनाथ कोविन्द मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर पुरस्कार का यह 13वाँ संस्करण था।

### वीरता पुरस्कार 2023

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/केन्द्रशासित प्रदेशों की पुलिस के कर्मियों को 8 कीर्ति चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। 9 मई, 2023 को नई दिल्ली में 5 कीर्ति चक्र और 5 शौर्य चक्र मरणोपरान्त प्रदान किए गए थे। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमाण्डर हैं। वीरता पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किए गए जिन्होंने उत्कृष्ट बहादुरी, अटूट साहस और अपने कर्तव्यों के प्रति असाधारण समर्पण का प्रदर्शन किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### बेस्ट FIFA फुटबॉल अवार्ड्स 2024

लन्दन में 15 जनवरी, 2024 को आयोजित एक समारोह में बेस्ट FIFA फुटबॉल अवार्ड्स 2024 के विजेताओं की घोषणा की गई। प्रमुख विजेताओं की सूची निम्नलिखित हैं

| | |
|---|---|
| बेस्ट FIFA मेन्स प्लेयर | लियोनेल मेसी (अर्जेण्टीना) |
| बेस्ट FIFA वुमेन्स प्लेयर | ऐताना बोनमाटी (स्पेन) |
| बेस्ट FIFA मेन्स कोच | पेप ग्वार्डिओला (स्पेन) |
| बेस्ट FIFA वुमेन्स कोच | सेरिना बीजमान (नीदरलैण्ड्स) |
| बेस्ट FIFA मेन्स गोलकीपर | एडरसन (ब्राजील) |
| बेस्ट FIFA वुमेन्स गोलकीपर | मैरी ईमरप्स (इंग्लेण्ड) |

### अन्तर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार

फिनलैण्ड की राजधानी हेलसिंकी में 14 दिसम्बर, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार अफगानिस्तान के एक गैर सरकारी संगठन को दिया गया है। यह NGO अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देता है और उनकी रक्षा करता है। फिनलैण्ड के प्रधानमन्त्री पेटेरी ओरपो ने अफगानिस्तान से इस NGO की प्रतिनिधि महबूबा सिराज को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

### बैलन डी'ओर 2023

पेरिस (फ्रांस) में 1 नवम्बर, 2023 को अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए रिकॉर्ड आठवां बैलन डी'ओर जीता।

बैलन डी'ओर पुरस्कार फुटबॉल के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। महिला बैलन डी'ओर पुरस्कार स्पेन की ऐताना बोनामती को दिया गया है। याचिन ट्रॉफी सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर को दी जाती है जो अर्जेंटीना के एमिलियानो मार्टिनेज को दी गई।

### नोबेल प्राइज 2023

सभी छह श्रेणियों में नोबेल प्राइज 2023 के विजेताओं की घोषणा 3-9 अक्टूबर, 2023 तक की गई थी। *विजेताओं की सूची इस प्रकार है*

| वर्ग | विजेता | इस उपलब्धि के लिए |
|---|---|---|
| अर्थशास्त्र | क्लाउडिया गोल्डिन (USA) | महिलाओं के श्रम बाजार परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए |
| शान्ति | नरगेस मोहम्मदी (ईरान) | ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई और सभी के लिए मानवाधिकारों और स्वतन्त्रता को बढ़ावा देने के लिए उनकी लड़ाई के लिए |
| साहित्य | जॉन फॉसे (नॉर्वे) | अपने अभिनव नाटकों और गद्य के लिए जो अकथनीय को आवाज देते हैं |
| रसायन विज्ञान | मौंगी जी. बावेंडी (फ्रांस), लुई ई. ब्रुस (USA) और अलेक्सी आई. एकिमोव (पूर्व USSR) | क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए |
| भौतिक विज्ञान | पियरे एगोस्टिनी (USA), फेरेंक क्रॉस (जर्मनी) और ऐनी एल. हुइलियर (फ्रांस) | प्रयोगात्मक तरीकों के लिए जो पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करते हैं। |
| फिजियोलॉजी या चिकित्सा | कैटेलिन करिको (हंगरी) और ड्रियू वीसमैन (USA) | न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से सम्बन्धित उनकी खोजों के लिए जो COVID-19 के खिलाफ प्रभावी mRNA टीकों के विकास को सक्षम करते हैं |

### UNWTO सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव 2023

गुजरात के धोरडो गाँव ने 20 अक्टूबर, 2023 को विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा घोषित शीर्ष 54 पर्यटन गाँवों की सूची में एक स्थान अर्जित करके वैश्विक प्रशंसा प्राप्त की। धोरडो गाँव ने एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में वैश्विक मंच पर अपना स्थान अर्जित करने के लिए एक लम्बा सफर तय किया है।

### 65वां रेमन मैग्सेसे अवार्ड 2023

रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन ने 1 सितम्बर, 2023 को 65वें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023 के विजेताओं की घोषणा की। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है। इस वर्ष चार एशियाई लोगों को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया। *विजेता इस प्रकार हैं*

| विजेता | देश | योगदान |
|---|---|---|
| डॉ. रवि कन्नन आर. | भारत | अपने चिकित्सा पेशे के प्रति मजबूत समर्पण, इस बात पर ध्यान केन्द्रित करना कि दवा वास्तव में किस लिए है: प्रो-हेल्थ और जन-केन्द्रित उपचार। |
| कोरवी रक्षंद | बांग्लादेश | बांग्लादेश में वंचित बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा का विकास |
| यूजेनियो लिमोस | पूर्वी तिमोर | युवा टिमोरिस प्रकृति और उनके परिवेश को कैसे देखते हैं, इसमें उल्लेखनीय योगदान दिया |
| मिरियम कोरोनेल-फेरर | फ़िलीपींस | शांति बनाने में अहिंसक रणनीतियों की परिवर्तनकारी शक्ति में अटूट विश्वास |

### SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2023

गणितज्ञ रुईक्सियांग झांग को गणित में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा। झांग कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (USA) में सहायक प्रोफेसर हैं। झांग का काम गणित के विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है, जिसमें विश्लेषणात्मक संख्या सिद्धान्त, संयोजन, यूक्लिडियन हार्मोनिक विश्लेषण और ज्यामिति शामिल हैं।

### UNESCO का एशिया प्रशान्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार

मुम्बई के भायखला रेलवे स्टेशन को 24 जुलाई, 2023 को UNESCO का एशिया प्रशान्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार मिला। भायखला रेलवे स्टेशन मुम्बई उप-नगरीय रेलवे की मध्य लाइन पर रेलवे स्टेशन है। इसे सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक माना जाता है जो अभी भी परिचालन में है।

### इण्टरनेशनल बुकर प्राइज 2023

बल्गेरियाई लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोव ने 25 मई, 2023 को अपने उपन्यास 'टाइम शेल्टर' के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 जीता।

उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद एंजेला रोडेल द्वारा किया गया था और यह अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाला पहला बल्गेरियाई उपन्यास है।

'टाइम शेल्टर' एक मनोरम और उल्लेखनीय साहित्यिक कार्य है जो समय, पहचान और मानव अनुभव के विषयों की पड़ताल करता है।

### लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2023

लियोनेल मेसी को 8 मई, 2023 को पेरिस में आयोजित एक समारोह में लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**विजेताओं की सूची**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड | लियोनेल मेसी |
| वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर अवार्ड | शेली-एन फ्रेजर-प्रीस |
| वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवार्ड | अर्जेण्टीना मैन फुटबॉल टीम |
| वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवार्ड | कार्लोस अल्काराज |

### पुलित्जर प्राइज 2023

पुलित्जर पुरस्कार 2023 विजेताओं की घोषणा 8 मई, 2023 को की गई थी, जिसमें 15 श्रेणियों में पत्रकारिता के लिए 20 पुरस्कार शामिल थे। पुलित्जर को सर्वोच्च सम्मान माना जाता है जो एक अमेरिकी- आधारित पत्रकार या संगठन द्वारा दिया जाता है।

**बुक्स, ड्रामा एण्ड म्यूजिक**

| | |
|---|---|
| फिक्शन (उपन्यास) | बारबरा किंगसोल्वर (हार्पर) द्वारा 'डीमन कॉपरहेड' |
| फिक्शन (उपन्यास) | हर्नान डियाज द्वारा 'ट्रस्ट' (रिवरहेड बुक्स) |

**जर्नलिज्म**

| | |
|---|---|
| ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग | लॉस एन्जिलिस टाइम्स के कर्मचारी |
| खोजी रिपोर्टिंग | द वॉल स्ट्रीट जर्नल के कर्मचारी |

# नवीनतम कौन-क्या

| | |
|---|---|
| **राष्ट्रपति** | द्रौपदी मुर्मू |
| **उप-राष्ट्रपति** | जगदीप धनखड़ |
| **प्रधानमन्त्री** | नरेन्द्र मोदी |

### कैबिनेट मन्त्री

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा |
| अमित शाह | गृह; सहकारिता |
| नितिन गडकरी | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग |
| निर्मला सीतारमण | वित्त; कॉर्पोरेट कार्य |
| एस. जयशंकर | विदेश |
| अर्जुन मुण्डा | जनजातीय कार्य; कृषि एवं किसान कल्याण |
| स्मृति जुबिन ईरानी | महिला एवं बाल विकास; अल्पसंख्यक कार्य |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं उद्योग; उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; वस्त्र |
| धर्मेन्द्र प्रधान | शिक्षा; कौशल विकास और उद्यमिता |
| प्रल्हाद जोशी | संसदीय कार्य; कोयला; खनन |
| नारायण तातू राणे | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| सर्बानन्द सोनोवाल | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग; आयुष |
| वीरेन्द्र कुमार | सामाजिक न्याय और अधिकारिता |
| गिरिराज सिंह | ग्रामीण विकास; पंचायती राज |
| ज्योतिरादित्य सिन्धिया | नागरिक उड्डयन; इस्पात |
| अश्विनी वैष्णव | रेलवे; संचार; इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| पशुपति कुमार पारस | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | जल शक्ति |
| किरेन रिजिजू | पृथ्वी विज्ञान |
| राजकुमार सिंह | विद्युत; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; आवासन और शहरी कार्य |
| मनसुख मण्डाविया | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; रसायन और उर्वरक |
| महेन्द्र नाथ पाण्डेय | भारी उद्योग |
| भूपेन्दर यादव | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन; श्रम और रोजगार |
| परषोत्तम रूपाला | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी |
| जी. किशन रेड्डी | संस्कृति; पर्यटन; पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| अनुराग सिंह ठाकुर | सूचना एवं प्रसारण; युवा कार्यक्रम व खेल |

### राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार)

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| राव इन्दरजीत सिंह | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन (स्वतन्त्र प्रभार); योजना (स्वतन्त्र प्रभार); कॉर्पोरेट कार्य |
| जितेन्द्र सिंह | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतन्त्र प्रभार); प्रधानमन्त्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन; परमाणु ऊर्जा विभाग; अन्तरिक्ष विभाग |
| अर्जुन राम मेघवाल | विधि एवं न्याय |

### राज्य मन्त्री

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| श्रीपद येसो नाइक | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग; पर्यटन |
| फग्गनसिंह कुलस्ते | इस्पात; ग्रामीण विकास |
| अर्जुन राम मेघवाल | संसदीय कार्य; संस्कृति |
| अश्विनी कुमार चौबे | उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन |
| जनरल (सेनि.) वीके सिंह | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग; नागरिक उड्डयन |
| कृष्ण पाल | विद्युत; भारी उद्योग |
| दानवे रावसाहेब दादाराव | रेलवे; कोयला; खनन |
| रामदास अठावले | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| साध्वी निरंजन ज्योति | उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; ग्रामीण विकास |
| संजीव कुमार बाल्यान | मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी |
| नित्यानन्द राय | गृह |
| पंकज चौधरी | वित्त |
| अनुप्रिया सिंह पटेल | वाणिज्य एवं उद्योग |
| एसपी सिंह बघेल | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| शोभा करांदलाजे | कृषि एवं किसान कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| भानु प्रताप सिंह वर्मा | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| राजीव चन्द्रशेखर | कौशल विकास एवं उद्यमिता; इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, जल शक्ति |
| दर्शना विक्रम जरदोश | वस्त्र; रेलवे |
| वी. मुरलीधरन | विदेश; संसदीय कार्य |
| मीनाक्षी लेखी | संस्कृति |
| सोम प्रकाश | वाणिज्य एवं उद्योग |
| कैलाश चौधरी | कृषि एवं किसान कल्याण |
| रामेश्वर तेली | श्रम और रोजगार; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| अन्नपूर्णा देवी | शिक्षा |
| ए. नारायणस्वामी | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| कौशल किशोर | आवासन और शहरी कार्य |
| अजय भट्ट | रक्षा; पर्यटन |
| बीएल वर्मा | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास; सहकारिता |
| अजय कुमार | गृह |
| देवुसिंह चौहान | संचार |
| भगवन्त खुबा | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा; रसायन और उर्वरक |
| कपिल मोरेश्वर पाटिल | पंचायती राज |
| प्रतिमा भौमिक | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| सुभाष सरकार | शिक्षा |
| भागवत किशनराव कराड | वित्त |
| राजकुमार रंजन सिंह | शिक्षा; विदेश |
| भारती प्रवीण पवार | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनजातीय कार्य |
| शान्तनु ठाकुर | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग |
| बिश्वेश्वर टुडू | जनजातीय कार्य; जल शक्ति |
| मुंजापारा महेन्द्रभाई | महिला एवं बाल विकास; आयुष |
| जॉन बारला | अल्पसंख्यक कार्य |
| एल. मुरुगन | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी; सूचना एवं प्रसारण |
| निसिथ प्रमाणिक | गृह; युवा कार्यक्रम और खेल |

## राज्यपाल एवं मुख्यमन्त्री

| राज्य | राज्यपाल | मुख्यमन्त्री |
|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | एस. अब्दुल नजीर | जगनमोहन रेड्डी |
| गोवा | पीएस श्रीधरन पिल्लई | प्रमोद सावन्त |
| अरुणाचल प्रदेश | केटी परनाइक | पेमा खाण्डू |
| असम | गुलाब चन्द कटारिया | हेमन्त बिस्वा सरमा |
| गुजरात | आचार्य देव व्रत | भूपेन्द्र पटेल |
| कर्नाटक | थावरचन्द गहलोत | सिद्धारमैया |
| केरल | आरिफ मोहम्मद खान | पी. विजयन |
| महाराष्ट्र | रमेश बैस | एकनाथ शिन्दे |
| मणिपुर | अनुसूइया उइके | एन. बिरेन सिंह |
| मेघालय | फागू चौहान | कोनराड संगमा |
| मिजोरम | हरि बाबू कम्भमपति | लालदुहोमा |
| नागालैण्ड | ला गणेशन | नेफियू रियो |
| ओडिशा | रघुबर दास | नवीन पटनायक |
| सिक्किम | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य | प्रेम सिंह तमांग |
| तमिलनाडु | आरएन रवि | एमके स्टालिन |
| त्रिपुरा | इन्द्र सेन रेड्डी नल्लू | माणिक साहा |
| उत्तराखण्ड | गुरमीत सिंह | पुष्कर सिंह धामी |